मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शनिवार,19 अक्टूबर 2024

संवत 2081, कार्तिक कृष्ण पक्ष-2 मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 42 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

4 ▸▸ बाजार की ताकतों पर नियंत्रण जरूरी

शाहरूख खान ने सेंस ऑफ ह्यूमर पर दिया बयान ◂◂ 6

सीएम हेमंत व कल्पना 24 अक्टूबर को कर सकते हैं नामांकन

सीट शेयरिंग भी लगभग तय

मेट्रो रेज

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व कल्पना सोरेन ने चुनाव में टिकट के लिए झामुमो का आवेदन फॉर्म भरा है। दोनों ने सीएम आवास में फॉर्म मंगवाकर भरा और इसे 51-51 हजार रुपये के डीडी के साथ पार्टी के महासचिव विनोद पांडेय को आवेदन दिया है। हेमंत सोरेन ने बरहेट से और कल्पना ने गांडेय विधानसभा क्षेत्र के लिए आवेदन जमा किया है। इधर बरहेट बाजार स्थित झामुमो प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को झामुमो मंडली संयोजक सुनीराम हांसदा की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गयी कि प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 24 अक्टूबर को बरहेट

विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल करेंगे। इधर, इंडिया गठबंधन की भी सीट शेयरिंग लगभग तय हो गयी है। राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और सीएम हेमंत सोरेन आज बैठेंगे। जिसमें अंतिम मुहर लग सकती है।

हो चुकी है तीन राउंड की बातचीत, सीट शेयरिंग लगभग तय : गुलाम अहमद मीर

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा है कि हम उम्मीदवार चयन की प्रक्रिया में लगे हैं। प्रत्याशियों के नाम संगठन में नीचे से मांगे गये हैं। पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है। प्रदेश चुनाव समिति ने प्रस्ताव पारित कर हाईकमान को अधिकृत कर दिया है। हमारा गठबंधन तय है। सीट शेयरिंग को लेकर तीन राउंड की बात हो चुकी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ भी बातचीत हुई है। एक प्रतिशत सीट इधर-उधर हो सकती है। बाकी बातें लगभग तय है। राजद और वाम दलों से भी बात होगी। जल्द ही सीट बंटवारे को लेकर सहमति बन जायेगी।

मंत्री मिथिलेश 21 को करेंगे नामांकन, सीएम हेमंत होंगे शामिल

विधानसभा चुनाव के लिए गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर 21 अक्टूबर को झामुमो से नामांकन करेंगे। मंत्री श्री ठाकुर के नामांकन में प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल होंगे। यह जानकारी देते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि उनके नामांकन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित महागठबंधन के कई नेता शामिल होंगे। नामांकन कार्यक्रम में महागठबंधन के कार्यकर्ता और पदाधिकारी सहित आम लोगों का महाजुटान होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार पर लगाया एक लाख जुर्माना

नई दिल्ली/ रांची: सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा दाखिल एक अपील को खारिज करते हुए

एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि अपील दाखिल करने वाले अधिकारी की पहचान कर जुमार्ने की राशि उस अधिकारी से वसूली जाये। यह आदेश सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के वी विश्वनाथन की बेंच ने दिया है। कोर्ट ने कहा है कि जुमार्ने की राशि में से 50 हजार सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड एसोसिएशन के खाते में और बाकि के 50 हजार सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन वेलफेयर फंड में जमा किये जाये।

शीर्ष अदालत ने इस तरह के मामलों में कोर्ट में अपील दाखिल करने पर जाहिर की नाराजगी : दरअसल झारखंड हाईकोर्ट ने रिटायरमेंट बेनिफिट की मांग को लेकर दाखिल रविंद्र गोप की याचिका पर पिछले वर्ष फैसला सुनाते हुए यह निर्देश दिया था कि रविंद्र गोप को रिटायरमेंट बेनिफिट दिया जाये। हाईकोर्ट की एकल पीठ के इस आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने अपील दाखिल की थी। लेकिन जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की डबल बेंच ने राज्य सरकार की अपील को खारिज करते हुए एकल पीठ के आदेश को बरकरार रखा था, जिसके खिलाफ सरकार ने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटया था। लेकिन शीर्ष अदालत ने भी सरकार की याचिका खारिज कर दी। शीर्ष अदालत ने इस तरह के मामलों में शीर्ष अदालत में अपील दाखिल किये जाने पर नाराजगी भी जाहिर की है।

ट्रेन की चपेट में आकर वृद्ध महिला की मौत, जांच में जुटी पुलिस

मेट्रो रेज

पश्चिमी सिंहभूम/ खरसावां: पश्चिमी सिंहभूम में ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत हो गयी है। घटना शनिवार सुबह चक्रधरपुर डिवीजन अंतर्गत बड़ाबाम्बो स्टेशन के पास की है। मृत महिला की पहचान सानो महतो (70 साल) के रूप में हुई है। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है। उनका कहना है कि जांच के बाद ही इस बारे में आगे कुछ कहा जा सकेगी।

रेलवे पटरी पार करते वक्त हुआ हादसाः जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह फुचुडुंगरी गांव की रहने वाली सानो महतो चक्रधरपुर डिवीजन अंतर्गत पोटोबेड़ा गांव के पास स्थित रेलवे पटरी पार कर रही थी। इस दौरान वह सामने से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गयी। पोटोबेड़ा गांव बड़ाबाम्बो स्टेशन के समीप है। इधर, स्थानीय ग्रामीणों ने हादसे की सूचना आमदा ओपी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अविनाश कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे।

पुलिस कर रही है हर पहलू की जांचः आमदा ओपी के प्रभारी अविनाश कुमार ने सबसे पहले वहां पर मौजूद लोगों से बातचीत कर मामले की जानकारी ली। इसके बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि वह हर पहलू की जांच कर रही है। जांच के बाद इस बारे में कुछ कहना सही होगा।

पटाखा बनाते समय विस्फोट, मकान गिरने से मलबे में दबे कई लोग

मुरैना : शहर के इस्लामपुरा इलाके के एक मकान में विस्फोट हो गया, जिससे मकान पूरी तरह से जमींदोज हो गया। उसके आसपास के तीन मकान भी क्षतिग्रस्त हो गए। विस्फोट के बाद मलबे में लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस और नगर निगम का दल मौके पर राहत और बचाव कार्य में जुटा हुआ है। हलांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि विस्फोट किस वजह से हुआ है। मोहल्ले के कुछ लोग दावा कर रहे हैं कि सिलेंडर फटने से विस्फोट हुआ है, जबकि कुछ लोगों का कहना है कि मकान में पटाखे बनाए और स्टोर किए जाते थे, जिनमें आग लगने से विस्फोट हुआ है। जानकरी अनुसार इस्लामपुरा में रहने वाले गजराज राठौर के मकान में आज शनिवार दोपहर को विस्फोट हुआ, जिससे उनका मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

मंदिर जा रहे कांवरियों को स्कॉर्पियो ने रौंदा 4 महिलाओं सहित 6 की मौत, 12 घायल

एजेंसी

बांका : बिहार में बांका जिले के फुल्लीडुमर थाना क्षेत्र में स्कॉर्पियो की चपेट में आने से चार महिला समेत छह कावंरिया की मौत हो गई तथा 12 अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि शुक्रवार की रात कांवरियों का दल अमरपुर के जेठौरनाथ मंदिर जा रहा था। इस दौरान नगरडीह मोड़ के समीप स्कार्पियो ने कांवरियों को कुचल दिया। इस घटना में चार महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य घायल हो गए।

मृतकों की पहचान अमरपुर थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर इटहरी निवासी राम चरण तांती (50), गौतम यादव की पत्नी पुतुल देवी, रजौन थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव निवासी अर्जुन यादव की पत्नी ललिता देवी (50), अरुण पासवान की पत्नी चुन्नी देवी (45), दिनेश यादव की पत्नी सुमित्रा देवी (45) और शोभानपुर गांव निवासी सहदेव यादव की पुत्री लक्खी कुमारी (17) के रूप में की गयी है।

सूत्रों ने बताया कि घायलों को मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस की गाड़ी को आक्रोशित लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया और पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। हमले में दारोगा बबन मांझी घायल हो गए। उनका इलाज अमरपुर रेफरल अस्पताल में चल रहा है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया गया है।

इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के घर पर ड्रोन से हमला

एजेंसी

नई दिल्ली : लेबनान से आए एक ड्रोन ने इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के घर को निशाना बनाया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने पुष्टि की कि शनिवार (19 अक्टूबर) सुबह लेबनान से हुए ड्रोन अटैक का टारगेट कैसरिया में प्रधानमंत्री का निजी आवास था।

रिपोर्ट के मुताबिक पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा हमले के समय घर पर नहीं थे और इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक लेबनान से शनिवार सुबह दागे गए दो अन्य ड्रोन को हवाई सुरक्षा बलों ने मार गिराया।

इजरायली पीएम पर यह हमला ऐसे समय में हुआ जब तीन दिन पहले ही इजरायली सेना ने हमास लीडर याह्या सिनवार को बुधवार (16 अक्टूबर) को

मार गिराया। इजरायल के मुताबिक सिनवार पिछले साल के 7 अक्टूबर अटैक का मुख्य रणनीतिकार था। सिनवार की मौत के बाद बुधवार देर रात एक बयान में, ईरान समर्थित हिजबुल्लाह ने इजरायली दुश्मन के साथ टकराव का एक नया और उग्र चरण शुरू करने का ऐलान किया। इजरायल ने गुरुवार (17 अक्टूबर) को हमास लीडर की मौत की आधिकारिक रूप से घोषणा की। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) और शिन बेट सिक्योरिटी एजेंसी ने एक बयान में कहा, 7 अक्टूबर के हमले और नरसंहार का सूत्रधार सिनवार, बुधवार को दक्षिणी गाजा के राफा में गोलीबारी में मारा गया।

बता दें 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हमास के हमलों में करीब 1200 लोग मारे गए थे और 250 से अधिक लोगों को बंदी बना लिया गया था। इनमें से 101 बंधक अभी लापता हैं जिनके बारे में माना जाता है कि वो गाजा में मौजूद हैं। इस हमले के बाद इजरायल ने हमास के खिलाफ युद्ध का ऐलान कर दिया और फिलिस्तीनी ग्रुप के कब्जे वाली गाजा पट्टी पर हमले शुरू कर दिए।

अलजजीरा की 19 अक्टूबर की रिपोर्ट के मुताबिक रिपोर्ट के मुताबिक 7 अक्टूबर 2023 से अब तक गाजा में इजरायली हमलों में कम से कम 42,500 लोग मारे गए हैं और 99,546 घायल हुए हैं।

डीसी, एसएसपी और एसडीओ ने झारखंड-बंगाल बॉर्डर का किया निरीक्षण

मेट्रो रेज

विधानसभा चुनाव 2024

रांची : झारखंड विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से कराने को लेकर रांची डीसी वरुण रंजन, एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा और सदर एडीओ उत्कर्ष कुमार ने झारखंड-बंगाल बॉर्डर का निरीक्षण किया। तीनों अधिकारियों ने शुक्रवार की देर रात झारखण्ड-बंगाल बॉर्डर पर स्थित मुरी और दुलमी चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चेक पोस्ट पर तैनात पुलिस पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये। साथ ही अवैध हथियारों की आवाजाही, गोला बारूद, शराब व नगदी की धर-पकड़ के लिए चेकपोस्ट पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाने का भी निर्देश दिया। गौरतलब है कि झारखंड की सभी 81 सीटों के लिए दो चरणों में मतदान होगा। 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में मतदान की तिथि निर्धारित की गई है, जबकि 23 नवंबर को मतगणना होगी।

विस्तारा की दिल्ली-लंदन फ्लाइट की फ्रैंकफर्ट में इमरजेंसी लैंडिंग, बम की धमकी के बाद जांच जारी

एजेंसी

नई दिल्ली : दिल्ली से लंदन जाने वाली विस्तारा की एक फ्लाइट को बम की धमकी के बाद शुक्रवार को फ्रैंकफर्ट में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। विस्तारा के प्रवक्ता ने शनिवार सुबह एक बयान जारी कर कहा कि फ्रैंकफर्ट हवाईअड्डे पर फ्लाइट सुरक्षित रूप से उतर गई और आवश्यक जांच की जा रही है। सुरक्षा एजेंसियों से स्पष्टीकरण मिलने के बाद फ्लाइट अपने गंतव्य तक जाएगी।

प्रवक्ता ने कहा, '18 अक्तूबर को दिल्ली से लंदन के लिए उड़ान भरने

वाली विस्तारा की फ्लाइट यूके17 को सोशल मीडिया पर सुरक्षा संबंधी धमकी मिली। प्रोटोकॉल के अनुरूप, सभी संबंधित अधिकारियों को तुरंत सूचित किया गया और एहतियात के तौर पर, पायलटों ने फ्लाइट को फ्रैंकफर्ट की ओर मोड़ने का फैसला किया।' मामले से जुड़े एक अधिकारी के मुताबिक, फ्लाइट में बम होने की धमकी मिली थी। इस बीच, अकासा एयर ने कहा कि शुक्रवार को बंगलूरू से मुंबई के लिए उड़ान भरने वाली उसकी फ्लाइट दढ 1366 को प्रस्थान से कुछ समय पहले एक सुरक्षा चेतावनी मिली। एयरलाइन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'इसलिए सुरक्षा और सुरक्षा प्रक्रियाओं के अनुसार, सभी यात्रियों को विमान से उतारना पड़ा। स्थानीय अधिकारियों ने आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन किया। हम अपनी टीम द्वारा असुविधा कम करने के लिए किए गए प्रयासों के लिए आपकी समझ का अनुरोध करते हैं।' पिछले कुछ दिनों में, भारतीय वाहकों द्वारा संचालित लगभग 40 उड़ानों को बम की धमकी मिली है जो बाद में अफवाह निकली। नागरिक उड्डयन मंत्रालय झूठी बम धमकी की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त नियम लागू करने की योजना बना रहा है, जिसमें अपराधियों को नो-फ्लाई सूची में रखना शामिल है।

इस हफ्ते अब तक 35 धमकियां मिलीं

सोमवार से अब तक, इस हफ्ते कम से कम 35 उड़ानों को ऐसी बम की धमकियां मिली हैं, जिसके बाद नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने ऐसी स्थितियों से निपटने के लिए सख्त नियम लागू करने की तैयारी शुरू कर दी है। इसे लेकर डीजीसीए ने सुझाव दिया है कि फर्जी कॉल करने वाले दोषियों को नो फ्लाई लिस्ट में डाल दिया जाए। साथ ही फर्जी धमकी से हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति दोषियों से की जानी चाहिए। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने गुरुवार को कहा कि शुरूआती जांच में इन धमकियों के पीछे किसी बड़ी साजिश की आशंका नहीं मिली है और ज्यादातर कॉल 'नाबालिगों और शरारती लोगों' द्वारा की गई थीं। मुंबई पुलिस ने बुधवार को एक एयरलाइन को धमकी देने के मामले में 17 वर्षीय संदिग्ध को हिरासत में लिया। आरोप है कि युवक ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय उड़ान समेत तीन उड़ानों को बम की धमकी दी थी। अधिकारियों ने बताया कि किशोर अपने एक दोस्त को फंसाना चाहता था, जिसके साथ उसका पैसों को लेकर विवाद था।

न्यूज ब्रीफ

हिण्डाल्को ने सभी पंचायतों में बांटा पोषण खाद्य बास्केट

मुरी : सिल्ली प्रखंड अंतर्गत हिंडालको के सीएचआर विभाग ने अल्मुनिया क्लब में सिल्ली प्रखंड के सभी पंचायतों के मरीजों के बीच पोषण खाद्य बास्केट का वितरण किया । इस अवसर पर सिल्ली सीएच सी की प्रभारी डॉक्टर प्रियंका और हिंडालको के एचआर हेड अरुण रॉय ने सभी मरीजों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को समय पर पोषक आहार लेना चाहिए! इस कार्यक्रम में हिंडालको के एचआर हेड ने कहां हमारी कंपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए सिल्ली प्रखंड के मरीजों के बीच पोषण किट वितरित कर रही है! हिंडालको का यह प्रयास क्षेत्र के स्वास्थ्य और पोषण स्तर को सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम में सीएसआर हेड अनिल सिंह, नीतिश सिंह ,भारत सिंह तथा सिल्ली के सीएच सी सुरेंद्रनाथ महतो व अन्य उपस्थित थे।

सिल्ली विधानसभा सीट के लिए अनिल मुंडा ने भरा फॉर्म

सिल्ली : झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही दावेदारों की सक्रियता बढ़ गई है। कोई दिल्ली की दौड़ लगा रहा तो कोई रांची में बैठे पार्टी सुप्रीमो से जुगाड़ लगाने में व्यस्त है। इधर समाजसेवी अनिल सिंह मुंडा ने शुक्रवार को सिल्ली विधानसभा सीट से झारखंड मुक्ति मोर्चा का टिकट के लिए आवेदन फॉर्म भरा है। बताते चलें की अनिल सिंह मुंडा बैंक ऑफ इंडिया में पीओ पद पर कार्यरत थे, उन्होंने लोगों की सेवा के लिए रिटायरमेंट में 8 साल बाकी रहते इस पद से वीआरएस लिया है और क्षेत्र में लगातार जनहित में काम करने के अलावे कई असहाय परिवारों को श्रद्धा कर्म एंव शादी ब्याह में आर्थिक सहयोग भी किया है। मुंडा ने कहा मेरा राजनीति में आने का एकमात्र उद्देश्य लोगों की सेवा करना है।

रांची महानगर काली पूजा समिति की बैठक कल

रांचीः रांची महानगर काली पूजा समिति ने काली पूजा के भव्य आयोजन को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। 20 अक्टूबर को बिहार क्लब में बैठक बुलाई गई है।इसमें 2024 के लिए महानगर काली पूजा की नई कमेटी का गठन किया जाएगा।अपराह्न दो बजे से बैठक शुरू होगी।महानगर काली पूजा समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे,अध्यक्ष विनय सिंह के अगवाई में वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव,प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा, समाजसेवी लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता समेत अन्य शामिल होगें। मौके पर अजीत सिंह टिंकू,धीरज वर्मा ,बबलू वर्मा, सपन साहू, रोहन सिंह ,अर्जुन सिंह, मोहित रजक, यश वर्मा, प्रिंस सिंह समेत अन्य मौजूद है।

कल्पना सोरेन 20 को टुंडी में करेंगी चुनाव प्रचार

धनबाद : झामुमो की स्टार प्रचारक और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन 20 अक्टूबर को टुंडी आएंगी। वह झामुमो विधायक मथुरा प्रसाद महतो के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। उनके कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर टुंडी झामुमो कार्यालय में वरिष्ठ कार्यकर्ता मेनेजर हेम्ब्रम की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में रतिलाल टुडू भी मौजूद थे। उन्होंने कार्यकताओं की हौसला अफजाई की और सभा में ऐतिहासिक भीड़ जुटाने को लेकर रणनीति बनाई। कार्यकताओं से कहा कि हर गांव-टोले में प्रचार में जुटें व कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाएं। इस मौके पर सुमन मिश्र, सनातन सोरेन, सखीचंद मुर्मू, अरुण सिंह, गणेश रजक, महेंद्र सोरेन,प्रभुचंद मुर्मू, सागर भुईयां,सोनु कुमार, राजकुमार महतो आदि मौजूद थे।

आईआईटी-आईएसएम में भारत को जानो प्रतियोगिता

धनबाद : आईआईटी-आईएसएम सभागार में शुक्रवार को हिंदी विकास परिषद की ओर से भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस क्विज कंपिटीशन में धनबाद जिले के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को भारत के इतिहास व सभ्यता-संस्कृति से अवगत कराना था। हिंदी विकास परिषद धनबाद के अध्यक्ष सोमनाथ पुर्ति ने कहा कि भारत जिसे एक समय सोने की चिड़िया कहा जाता था, उसके इतिहास से पूरे विश्व को अवगत कराने की मुहिम के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम प्रांत स्तरीय है, जिसमें चार वर्ग जूनियर और चार वर्ग सीनियर बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में जीते हुए बच्चों को पुरस्कृत कर उनके मनोबल को बढ़ाने का प्रयास किया गया।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने एनडीए गठबंधन पर कसा तंज, कहा

पिछली बार गांव की सरकार बनाने निकले आज 10 पर अटके

मेट्रो रेज संवाददाता

रांची : झामुमो ने झारखंड में बने एनडीए गठजोड़ पर तंज कसा है। कहा कि आज झारखंड में लूट, समाज को बांटने, समाज में जहर घोलने, जाति-धर्म की फसाद खड़ा करने के लिए एक नापाक गठजोड़ का स्वरूप दिखा। आजसू पर तंज कसते हुए कहा कि जो पिछली बार गांव की सरकार बनाने निकले थे, अब सरकार बदलने के लिए वह पार्टी दस पर आकर अटक गयी। अब सरकार बदलने के लिए पता नहीं 10 में एक सीट भी जीत पाएंगे या नहीं, यह तो 23 नवंबर को पता चल पाएगा। जिसकी बदौलत केंद्र में सरकार में है, जिसकी बैशाखी पर दिल्ली में सरकार है, वह दो सीट पर आकर सिमट गए। एक केंद्रीय मंत्री एक सीट के लिए याचना करते रहे। मगर झारखंड में यह गठजोड़ नहीं चलेगा, आगामी 13 एवं 20 नवंबर को झारखंड के आदिवासी-मूलवासी, किसान, युवा, ग्रामीण, महिला ऐसी चोट करेंगे कि यह

लोग डबल डिजिट में भी नहीं आ पाएंगे। रही बात भाजपा की तो यहां पर कॉरपोरेट लूट के लिए यह गठजोड़ उसने बनाया है। यह बातें पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने आयोजित एक प्रेस वार्ता में कही।

झामुमो में एक नहीं हजारों आने को तैयार, मगर हमने कह दिया अभी नो एंट्रीः सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि आज जो लोग झामुमो में आए वह एक बानगी थी। अभी तो इनके कैंडिडेट आने बाकी हैं, सूची जारी होते ही तबाही मचेगी। एक नहीं हजारों हमारे दल से संपर्क में हैं। मगर हमने कहा दिया है कि अभी नो एंट्री, पहले पश्चयताप करो, फिर संघर्ष करो तब ही मिलेगी एंट्री। उन्होंने कहा कि उनके पार्टी में आज दो दलित नेता शामिल हुए। उन्होंने बताया कि वो जहां थे, वहां न तो उन्हें बोलने की आजादी थी, ना अपने लोगों के लिए कुछ करने की। वे लोग घुटन महसूस कर रहे थे। इससे पता चलता है कि भाजपा एवं उनके सहयोगी दलों में आदिवासी, दलित और वंचित समाज के लोगों की क्या स्थिति है, क्या सोच है।

चिराग इंडियंस के नेत्रदान अभियान की उपायुक्त ने की सराहना

जमशेदपुर : चिराग इंडियंस (एनजीओ) नेत्रदान को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रही है। शुक्रवार को संस्था के प्रतिनिधि ओम मद्दला ने उपायुक्त अनन्य मित्तल से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने संस्था द्वारा चलाए जा रहे अभियान से उन्हें अवगत कराया। साथ ही उन्हें राष्ट्रपति के नाम लिखी कविता समर्पित की। उपायुक्त ने संस्था के प्रयासों की काफी सराहना की साथ ही कविता को काफी प्रेरणादायक बताया। उपायुक्त ने संस्था को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

जेएमएम प्रत्याशी अमित महतो के नाम पर लोगों में आक्रोश

मेट्रो रेज संवाददाता

मुरीः सिल्ली विस से जेएमएम प्रत्याशी अमित महतो के नाम के कयास पर जेएमएम कार्यकर्ताओं में आक्रोश व बगावत का स्वर फूटा। जेएमएम पदाधिकारियों ने प्रेस के माध्यम से प्रखंड प्रवक्ता फखरूद्दीन राय ने हेमंत सोरेन के ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि दो- दो बार कार्यकर्ता को मझधार में छोड़ कर भागे है । जब मन करता है पार्टी छोड़ कर चले जाते हैं।जब मन करता है स्वार्थ पूर्ति के लिए फिर चले आते हैं। रामानंद बेदिया ऐसे नेता हैं जो इन दिनों बिखरे हुए जेएमएम के कार्यकर्ता को समेटा है। उनकी मेहनत को नजरंदाज न करें। किसी भी हालत में प्रत्याशी के रूप में अमित महतो स्वीकार नहीं है। वहीं युवा मोर्चा के फलाहारी महतो ने कहा

कि अमित महतो के जाने के बाद प्रबल दावेदार के रूप में रामानंद बेदिया ने जेएमएम को सींचा है। अगर रामानंद बेदिया को टिकट दिया जाता है तो सिल्ली से जेएमएम को जीता कर हेमंत सोरेन के हाथों को मजबूत किया जाएगा । महिला के जिला उपाध्यक्ष मंजु महतो ने कही कि अमित महतो जेएमएम के कार्यकर्ता को बार बार धोखा दिया है। यहां से रामानंद बेदिया को टिकट नहीं मिलने पर कार्यकर्ता हताश व निराश हो जाएंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रखंड सचिव हारून भाई भी सहमति जताई।

रांची साइबर सुरक्षा में कॅरियर की अपार संभावनाएंः निरंजन कुशवाहा

मेट्रो रेज संवाददाता

रांचीः सरला बिरला विश्वविद्यालय में सीएसइ और कंप्यूटर साइंस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में साइबर सुरक्षा विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि झारखंड एजेंसी फॉर प्रमोशन ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (जैप-आईटी) के सिक्योरिटी एक्सपर्ट निरंजन कुशवाहा ने आज की दुनिया में साइबर धोखाधड़ी से उभरते नवीनतम खतरों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने साइबर फ्रॉड के तरीकों और उससे व्यक्तिगत और संस्थागत निपटारे के तरीकों पर भी विस्तार से बताया। छात्रों को साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए भी उन्होंने प्रोत्साहित किया।

मौके पर सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो

गोपाल पाठक ने साइबर सुरक्षा की प्रासंगिकता की चर्चा की। उन्होंने एक प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थान में हुए चर्चित साइबर धोखाधड़ी का उदाहरण देते हुए उपस्थित श्रोताओं को इससे जुड़ी चीजों की सुरक्षा करने की भी अपील की। विवि के प्रभारी कुलपति एस।बी। डांडीन ने पहले की तुलना में हाल के वर्षो में साइबर फ्रॉड के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई।

कार्यशाला के दौरान साइबर सुरक्षा पर दोनों विभागों के विद्यार्थियों के बीच एक क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विवि के कुलसचिव प्रो वीके सिंह, डीन डॉ पंकज गोस्वामी, डॉ बी सामंता, डॉ प्रियंका, डॉ मेघा, डॉ दीप्ति एवं आनंद विश्वकर्मा एवं अन्य शिक्षकगण एवं विवि के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बाइक दुर्घटनाग्रस्त युवक जख्मी

धनबाद : तोपचांची थाना क्षेत्र के मानटांड़ स्थित अर्धनिर्मित सर्विस रोड पर शुक्रवार को एक बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में बाइक चालक भवंरदाहा निवासी शुभम राय गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके शरीर के विभिन्न हिस्सों में गहरी चोटें आई हैं। बताया गया कि शुभम राय कतरास से मोबाइल बनवाकर बाइक से अपने घर लोट रहा था। रास्ते में मानटांड़ स्थित अर्धनिर्मित सर्विस रोड पर बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। आनन-फानन में एनएच कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से उसे साहोबहियार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच, धनबाद रेफर कर दिया।

केंद्र सरकार के दबाव में चुनाव आयोग ने की तिथि की घोषणा : रामदास सोरेन

घाटशिला : भारत निर्वाचन आयोग द्वारा झारखंड विधानसभा के चुनाव की तिथियों की घोषणा 15 अक्टूबर 2024 को की गई, जबकि झारखंड में सरकार गठन की अंतिम तिथि 5 फरवरी 2025 है। केंद्र सरकार के दबाव में भारत निर्वाचन आयोग ने समय से पूर्व झारखंड में चुनाव की तिथि घोषित कर दी है। उक्त बातें झारखंड सरकार के तकनीकी एवं उच्च शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने घाटशिला के एक होटल में प्रेस वार्ता कर शुक्रवार को कही। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड राज्य में रहने वाले लोगों के धार्मिक एवं सांस्कृतिक भावनाओं की अनदेखी की है। इस अवधि में बहुत से त्योहार आ रहे हैं। इस पर चुनाव आयोग को गौर करना चाहिए था। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि 16 अक्टूबर से लेकर 8 नवंबर तक तमाम पर्व त्योहार हैं। लक्ष्मी पूजा, मनसा पूजा, काली पूजा, दीपावली, धनतेरस, सोहराय, गोवर्धन पूजा, छठ महापर्व है। जो विभिन्न समुदाय का सबसे बड़ा त्योहार हैं।

असम के चायबगान में बसे झारखंड के आदिवासियों का मुद्दा उठायाः रामदास सोरेन ने कहा कि असम में 100 वर्ष से अधिक समय पहले झारखंड के आदिवासियों को अंग्रेजी शासन काल में यहां से ले जाकर चाय बगान में काम करने के लिए बसाया गया था। पर आज तक वहां की सरकार ने उन्हें अनुसूचित जनजाति की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई है। इसको लेकर झारखंड कैबिनेट की बैठक में विशेष कमेटी का गठन किया गया है जो असम जाकर इसकी जांच करेगी। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष वकील हेंब्रम, अर्जुन सोरेन, प्रधान सोरेन, विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत, काली पद गोराई, काजल डॉन, सोनू अग्रवाल सहित अन्य शामिल थे।

पत्रकार अजय तिवारी का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन

धनबाद : पत्रकार अजय तिवारी का शुक्रवार को जमुनिया नदी मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनके बड़े पुत्र ने मुखाग्नि दी। अजय तिवारी का शव पहुंचते ही गोमो स्थित उनके आवास सुन्दरी विला में मातम छा गया। पत्नी व बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल था। घर पर सैंकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। शुभचिंतकों ने उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। अंतिम यात्रा में भी पड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मौके पर तोपचांची प्रखंड प्रमुख आनंद महतो, पूर्व जिला परिषद सदस्य हीरामन नायक, अतहर नवाज खान, गिरजा शंकर उपाध्याय, सियाराम सिन्हा, प्रमोद महतो, बबलू श्रीवास्तव, इरफान अंसारी, विनय बाबा, हलधर महतो, सदानंद महतो, कपिल सिंह, रवि सिंह, जीतेंद्र पांडेय, मोहन अग्रवाल, जगदीश चौधरी, अशफाक खान, अनूप कुमार, सोहन महतो, बापी दा, उत्तम कुमार महतो, राजकुमार महतो, लालचंद महतो सहित तोपचांची व गोमो क्षेत्र के सभी पत्रकार मौजूद थे। ज्ञात हो कि पत्रकार अजय तिवारी की गुरुवार की रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी।

प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

मेट्रो रेज संवाददाता

रांचीः सीसीएल के सतर्कता विभाग द्वारा सतर्कता जागरूकता अभियान - 2024 के अंतर्गत मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार के मार्गदर्शन में डीएवी। गांधीनगर में प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रमों में कुल 75 विद्यार्थियों ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने सतर्कता से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जबकि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता ने छात्रों की जानकारी और सतर्कता के विषय में उनकी समझ को और अधिक परखा। ज्ञात हो कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह-24 के शुरू होने से पहले सीसीएल के सतर्कता विभाग द्वारा 17 अक्टूबर, 2024 से 26 अक्टूबर, 2024 तक राँची स्थित विद्यालयों में अभियान की पहुँच बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

रांची 108 एंबुलेंस सेवा के कर्मियों की हड़ताल हुई खत्म, काम पर लौटे

मेट्रो रेज संवाददाता

रांचीः राज्य में 108 एंबुलेंस कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुक्रवार को खत्म हो गयी। इससे पहले एनएचएम के निदेशक और कंपनी के प्रतिनिधियों के बीच त्रिपक्षीय वार्ता हुई। इसमें कई मांगों पर सहमति बनने के बाद कर्मी हड़ताल तोड़ने पर राजी हो गये। इसके बाद रांची में देर शाम से एंबुलेंस सेवा मिलने लगी। वहीं राज्य में अन्य जगहों पर शनिवार से पूर्व की भांति 108 एंबुलेंस सेवा मिलने लगेगी। रांची सहित कुछ अन्य जगहों पर 108 एंबुलेंस चालकों के काम पर वापस लौटने से फिर अस्पताल में एंबुलेंस सुविधा बहाल हो गयी है। करीब छह दिन पहले राज्य के 108 एंबुलेंस कर्मी हड़ताल पर चले गये थे, जिससे यह सेवा पूरी तरह ठप हो गयी थी।

दो महीने की बकाया राशि का होगा भुगतानः 108 एंबुलेंस कर्मी संघ के

मो मुसर्रत ने बताया कि मेसर्स जिकित्जा हेल्थ केयर लिमिटेड के स्टेट हेड दो महीने की बकाया राशि का भुगतान करने पर सहमत हो गये हैं। संभवत एक-दो दिन में राशि सभी कर्मचारियों के खाते में चल जायेगी। आचार संहिता लागू होने से एमडी ने फिलहाल कोई नया आश्वासन देने में असमर्थता जतायी। लेकिन उन्होंने कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि सम्मान फाउंडेशन पीपी सभी कर्मचारियों को पैनल में शामिल करते हुए पीएफ और इएसआइ की सुविधा देगा।

पहली कंपनी भुगतान के लिए हुई तैयारमेसर्स जिकित्जा हेल्थ केयर लिमिटेड के प्रतिनिधि आखिरकार एनएचएम के एमडी के सामने एंबुलेंस कर्मियों का वर्षों बाद बकाया भुगतान देने पर सहमत हो गये। मौजूदा कंपनी जीबीके इमरजेंसी मैनेजमेंट एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट यानी मेसर्स इएमआरआइ ग्रीन हेल्थ सर्विसेज ने भी एक महीना का भुगतान कर दिया है।

न्यूज ब्रीफ

आज रांची पहुंचेंगे राहुल गांधी, एससी-एसटी और माइनॉरिटी के अधिकारों पर करेंगे संवाद

रांची : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटि मिडिया सेल के चेयरमैन सतीश पौल मुंजनी ने कहा है कि आज कांग्रेस के सांसद एवं प्रमुख राहुल गांधी का झारखंड दौरा आगामी विधान सभा में मील का पत्थर साबित होगा ।उनके आगमन को लेकर पार्टी के साथ-साथ झारखंड के लोग अपनी तैयारी कर ली है।श्री गांधी लगभग अपराह्न 2.30 में बिशेष विमान से रांची हवाई अड्डा पहुंचेगे ।श्री मुजनी ने कहा है कि संविधान की रक्षा के साथ साथ केन्द्र की भाजपानीत वाली सरकार के द्वारा किये जा रहे देश विरोधी कार्य के साथ साथ शोषण उत्पीडन कार्य और समुदाय बिशेष के विरूद्ध चलाये जा रहे तमाम काला चिठ्ठा को जनता के समक्ष रखेंगे। मालूम हो कि लोकसभा चुनाव के बाद एक बार फिर राहुल गांधी हाथ में संविधान लेकर हर राज्य में हर वर्ग के लोगों से जुड़े विषयों पर उनकी सुनेंगे और मुखर तरीके से उनके सवालों को लेकर वकालत करेंगे और उनकी समस्याओं को जानने का कोशिश कर रहे हैं इस बार केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के नेतागण लोक सभा चुनाव के दौरान 400 पार का नारा देकर संविधान बदलने की बात कर रहे थे रांची में आज वह संविधान सम्मेलन में हिस्सा लेंगे राहुल गांधी के दौरे को लेकर झारखंड कांग्रेस इसे सफल बनाने मे लगी है।

युवा संगम के पांचवे चरण के लिए करें ऑनलाइन पंजीकरण

रांची: शिक्षा मंत्रालय के एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत लांच किए गए देश के सबसे प्रतिष्ठित सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम 'युवा संगम' में पंजीकरण कराने के लिए सिर्फ 4 दिन ही बचे हैं। 21 अक्टूबर 2024 तक पंजीकरण स्वीकार किए जाएंगे देश भर के हजारों युवाओं को अपने राज्य/ केन्द्रीय शासित प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया जा रहा है, और वे ऐसा कर सकते हैं शिक्षा मंत्रालय द्वारा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के अंतर्गत लांच किए गए एक अनूठे कार्यक्रम 'युवा संगम' के जरिए। यह युवा संगम का पांचवा चरण है और ऑनलाइन पंजीकरण 21 अक्टूबर 2024 तक खुला है। 18 से 30 वर्ष के आयु वर्ग के इच्छुक युवा अंतिम तारीख से पहले युवा संगम पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं; इन उम्मीदवारों में मुख्यतः विद्यार्थी, एनएसएस/एनवायकेएस वॉलंटियर, नौकरी/स्वरोजगार करने वाले आदि युवा ही शामिल हो सकते हैं।

दिल्ली हाईकोर्ट से मधु कोड़ा की याचिका खारिज, नहीं लड़ पाएंगे विधानसभा चुनाव

रांची/नई दिल्ली: झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता मधु कोड़ा

को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें उन्होंने निचली अदालत के फैसले को रद्द करने की मांग की थी ताकि वह राज्य में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव में हिस्सा ले सकें। हाईकोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद मधु कोड़ा के चुनाव लड़ने के सपने पर पानी फिर गया है। दिल्ली हाईकोर्ट की एकल पीठ ने याचिका को खारिज करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता केवल इस आधार पर फैसले पर रोक लगाना चाहता है कि वह चुनाव लड़ सके, जो उचित नहीं है। प्रथम दृष्टया यही लगता है कि वह इस मामले में दोषी हैं, इसलिए निचली अदालत के फैसले पर रोक लगाने का कोई ठोस कारण नहीं है। बता दें कि निचली अदालत ने पूर्व मुख्यमंत्री कोड़ा, पूर्व कोयला सचिव, राज्य के पूर्व मुख्य सचिव एके बसु और मधु कोड़ा के सहयोगियों को कोयला घोटाले में दोषी ठहराया था। सभी को कोर्ट ने तीन साल की सजा सुनाई थी और जुमार्ना भी लगाया गया था।

21 तक जमा कराएं लाइसेंसी हथियार : उपायुक्त

रांची: जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह रांची डीसी वरुण रंजन ने शुक्रवार को समाहरणालय में विधानसभा आम निर्वाचन से सम्बंधित चुनाव कार्यों को सुचारु रूप से संचालन के लिए पुलिस पदाधिकारियों, खनन, उत्पाद, वाणिज्य कर विभाग के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। डीसी ने सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की सभी चेक नाकों को अविलंब क्रियाशील करें। डीसी ने रांची जिले में बालू के अवैध खनन को अविलंब बंद करने का निर्देश दिया एवं जिला खनन पदाधिकारी एवं जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षक को समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। वहीं जिले में अवैध शराब निर्माण के अड्डों की सूची तैयार कर उन्हें बंद करने के लिए अविलंब कार्रवाई करने का निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिया गया। साथ ही सभी अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट एवं प्रमुख अंतर जिला चेक पोस्ट पर उत्पाद विभाग के पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति कराने को भी कहा। डीसी ने सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की कर्नाटक राज्य की तर्ज पर वाणिज्य कर विभाग द्वारा फ्रीबीज की सूची तैयार की जाए एवं इन वस्तुओं के लिए निर्गत ई-वे बिल के आधार पर इनकी सूची चेक पोस्ट को उपलब्ध कराई जाए ताकि संबंधित वाहन को सीज करने की कार्रवाई की जा सके। डीसी ने निर्देश देते हुए कहा की सभी थाने अपने अधीनस्थ लाइसेंसी हथियार 21 अक्टूबर 2024 तक जमा कराए। गैर जमानती वारंट पर अविलंब गिरफ़्तारी सुनिश्चित की जाए। डोडा अफीम गांजा की बिक्री पूर्णतः बंद हो तथा इनकी सीजर की कार्रवाई की जाए। बैठक में डीडीसी दिनेश कुमार यादव, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, सिटी एसपी राजकुमार मेहता, ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल, खनन, उत्पाद, वाणिज्य कर विभाग के पदाधिकारी, सभी पुलिस उपाधिक्षक एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

रांची पहुंचीं बीजेपी की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष वानथी श्रीनिवासन

रांची : बीजेपी की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष वानथी श्रीनिवासन शनिवार की सुबह रांची पहुंची। रांची एयरपोर्ट पर बीजेपी महिला मोर्चा के कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। वानथी श्रीनिवासन भाजपा प्रदेश कार्यालय में महिल मोर्चा के नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा चुनाव की रणनीति पर मंथन करेंगी।

पीएम की जन कल्याणकारी योजनाओं से बदल रही राज्य की तस्वीर : बाबूलाल

मेट्रो रेज

रांची : बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं से झारखंड और झारखंड वासियों की तस्वीर बदल रही है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि जहां हर घर नल से जल योजना से लोगों की पानी की समस्या दूर हुई, वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना से सभी को अपना घर मिला। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना से पांच लाख तक की मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाओं की गारंटी मिली। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना से गरीब परिवारों को मुफ्त राशन मिल रहा है, ऐसी अनेकों योजनाएं हैं, जिससे झारखंड के विकास को एक नई तीव्र गति मिली है,

आदिवासियों के जीवन में हो रहे बदलाव: बाबूलाल ने लिखा

कि पीएम मोदी के नेतृत्व में आदिवासियों के जीवन में भी बदलाव हो रहे हैं। भाजपा ने प्रण लिया है कि झारखंड में हमारी सरकार बनते ही स्नातक और स्नातकोत्तर पास युवा साथियों को प्रतिमाह दो हजार रुपये भत्ता दिया जायेगा। हमारा प्रयास है कि युवाओं के आर्थिक बोझ को कम कर उन्हें पढ़ाई करने और भविष्य को संवारने के लिए प्रेरित किया जा सके। हेमंत सरकार ने पिछले चुनाव में स्नातक पास युवा साथियों को 5000 रुपये और स्नातकोत्तर पास युवाओं को 7000 रुपये बेरोजगारी भत्ता देना का वादा किया था। पांच साल बीत गये, लेकिन हेमंत सरकार ने युवाओं को एक भी रुपया नहीं दिया। युवाओं को यदि कुछ दिया तो सिर्फ अपमान और बेरोजगारी का दंश!

वोट के माध्यम से लूट और झूठ का होगा अंत : अमर बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि वोट के माध्यम से लूट और झूठ का अंत होगा! स्थितियां भयावह हैं। माटी-बेटी-रोटी खतरे में है। लैंड जिहाद और लव जिहाद से त्रस्त संथाल परगना के हिंदू खून के आंसू रो रहे हैं। क्षेत्र की डेमोग्राफी पूरी तरह बदल गयी है! आज संथाल परगना के लोग बारूद की ढेर पर बैठे हैं। आश्चर्य की बात यह है कि आजतक न तो मुख्यमंत्री, न स्थानीय सांसद और न ही मंत्रियों के मुख से एक शब्द निकला है। चंद वोटों के लिए इतनी बड़ी विपदा से झामुमो-कांग्रेस-राजद के नेत मुंह मोड़ रहे हैं।

जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की अंतिम उत्तर कुंजी जारी, करें डाउनलोड

रांची: झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की अंतिम उत्तर कुंजी जारी कर दी है, जो उम्मीदवार झारखंड सामान्य स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा के लिए उपस्थित हुए हैं, वे आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से अंतिम उत्तर कुंजी डाउनलोड कर सकते हैं। लिखित परीक्षा 21 और 22 सितंबर 2024 को राज्य भर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी। 26 सितंबर को अनंतिम उत्तर कुंजी वेबसाइट पर जारी की गई थी, आपत्ति विंडो 30 सितंबर तक खोली गई थी।

उत्तर कुंजी पर अभ्यर्थियों की ऑनलाइन आपत्तियों की विशेषज्ञों की समिति द्वारा पुनः समीक्षा की गई और अंतिम उत्तर कुंजी जारी की गई। इस वर्ष झारखंड सीजीएल परीक्षा का लक्ष्य 1,017

पदों को भरना है, जिनमें सहायक ब्यूरो अधिकारी, ब्लॉक आपूर्ति अधिकारी, जूनियर सचिवालय सहायक और योजना के पद शामिल हैं।

इस परीक्षा में कितने पेपर होते हैं?

जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में तीन पेपर होते हैं। पेपर 1 एक भाषा का पेपर है जिसमें हिंदी और अंग्रेजी से प्रश्न पूछे जाते हैं इसमें प्रत्येक विषय से कुल 60 प्रश्न होते हैं और 360 अंक होते हैं। पेपर क्वालीफाइंग प्रकृति का होता है। पेपर 2 एक क्षेत्रीय या चुनी हुई भाषा का पेपर होता है जिसमें कुल 100 प्रश्न होते हैं और कुल 300 अंक होते हैं। पेपर 3 में सामान्य ज्ञान, सामान्य विज्ञान, तर्क और मानसिक क्षमता, मात्रात्मक योग्यता, झारखंड का सामान्य ज्ञान और कंप्यूटर टेस्ट जैसे विषय शामिल होते हैं। इसमें 150 प्रश्न होते हैं और कुल अंक 450 होंगे।

अंतिम उत्तर कुंजी कैसे करें डाउनलोड?

परीक्षा में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थी नीचे दिए गए चरणों का पालन करके उत्तर कुंजी डाउनलोड कर सकते हैं:

-सबसे पहले उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं।

-अब होम पेज पर उपलब्ध जेएसएससी सीजीएल फाइनल उत्तर कुंजी 2023 लिंक पर क्लिक करें। एक नया पेज खुलेगा जहां उम्मीदवार उत्तर कुंजी की जांच कर सकते हैं। उत्तर कुंजी की जांच करें और पेज डाउनलोड करें। आगे की आवश्यकता के लिए इसकी एक हार्ड कॉपी अपने पास रखें।

रांची पहुंचे तेजस्वी यादव, हुआ भव्य स्वागत, शीट शेयरिंग पर चर्चा

रांची: राष्ट्रीय जनता दल के शीर्ष नेता सह प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव और पूर्व केन्द्रीय मंत्री जय प्रकाश यादव का रांची पहुंचने पर रांची जिला राजद अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। तेजस्वी यादव ने प्रदेश राजद के नेताओं के साथ की बैठक,शीट शेयरिंग पर चर्चा तथा रायशुमारी की।

तेजस्वी यादव और जय प्रकाश यादव ने राजद नेताओं से आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर राय मशविरा किया । जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो ने झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही रांची सभी प्रमुख दलों के वरिष्ठ नेताओं की गतिविधियों का केंद्र बन गया है। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव शुक्रवार को पटना से रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट में राजद कार्यकर्ताओं ने उनका जमकर स्वागत किया। तेजस्वी यादव एयरपोर्ट से सीधे रेडिशन ब्लू होटल पहुंचे। होटल में प्रदेश राजद के शीर्ष नेताओं के साथ बैठक कर यहां की वस्तुस्थिति से वाकिफ हुए। साथ सीट शेयरिंग पर विचार-विमर्श किया। तेजस्वी यादव से मिलने और टिकट की मांग करने वाले प्रदेश भर से राजद के नेता रांची पहुंचे हुए थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर से शीट शेयरिंग पर बात कर अंतिम निर्णय लेंगे।वहीं जानकारों की मानें तो झारखंड में राष्ट्रीय जनता दल इस बार गठबंधन में 22सीटों की मांग कर रही है। 22सीट पर बात नहीं बनी तो 12 आखिरी डेडलाइन होगा। 12 से कम इस बार राजद मानने वाली नहीं है। गठबधन में यदि राजद को12 सीटें नहीं दी गई तो फिर सभी 81 सीटों पर चुनाव लड़ने की संभावना है।

दीपावली और छठ से पहले बिहार और झारखंड को मिली नई ट्रेन की सौगात

मेट्रो रेज

रांची : दीपावली और छठ महापर्व से पहले भारतीय रेलवे ने झारखंड और उत्तर प्रदेश को बड़ी सौगात दी है. इसका फायदा बिहार के यात्रियों को भी मिलेगा. पर्व-त्योहारों के सीजन में बिहार और झारखंड की ट्रेनों में होने वाली भीड़ में भी कमी आएगी. रेलवे ने इस ट्रेन के टाइम-टेबल और उसके स्टॉपेज की डिटेल शेयर कर दी है. भारतीय रेलवे ने कहा है कि झारखंड की राजधानी रांची से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चुनाव क्षेत्र गोरखपुर के बीच चलने वाली ट्रेन का नाम रांची-गोरखपुर-रांची एक्सप्रेस होगा. नई साप्ताहिक ट्रेन (18629-18630 रांची-गोरखपुर-रांची एक्सप्रेस) 1 नवंबर से नियमित रूप से चलेगी.

1 नवंबर से रांची से शुरू होगा रांची-गोरखपुर-रांची ट्रेन

का परिचालन: ट्रेन संख्या 18629 रांची-गोरखपुर ट्रेन 1 नवंबर से प्रत्येक शुक्रवार को शाम 4:50 बजे रांची से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 11:30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी. ट्रेन संख्या 18630 गोरखपुर-रांची एक्सप्रेस 2 नवंबर से प्रत्येक शनिवार को दोपहर 3:30 बजे गोरखपुर से रवाना होगी और अगले दिन यानी रविवार को सुबह 9:25 बजे रांची पहुंचेगी.

इन स्टेशनों पर रुकेगी ट्रेन: यह ट्रेन मुरी, बोकारो, चंद्रपुरा, धनबाद, चितरंजन, जामताड़ा, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, कियूल, मोकामा, पटना साहेब, पटना, पाटलिपुत्रा, दिघवारा, छपरा, सीवान, भटनी और देवरिया सदर होकर चलेगी.

रांची पुलिस ड्यूटी मीट में साउथ छोटानागपुर रेंज बना स्टेट चैंपियन

मेट्रो रेज

रांची : 19 वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट-2024 का समापन जैप-1 डोरंडा में हुआ। प्रतियोगिता में 29 प्वाइंट के साथ साउथ छोटानागपुर रेंज स्टेट चैंपियन बना। वहीं 26 प्वाइंट के साथ सीआइडी स्टेट रनरअप रहा। एकल प्रतियोगिता में 20 प्वाइंट के साथ एसआइ रोहित कुमार कालिंदी चैंपियन व रांची की एसआइ नविता कुमारी महतो 16 प्वाइंट के साथ रनरअप रही।

तीन उत्कृष्ट अनुसंधानकर्ताओं को सम्मान

इसमें राज्य के तीन उत्कृष्ट अनुसंधानकताओं को डॉक्टर बीबी सहाय मेमोरियल ट्रॉफी व नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन की घोषणा मुख्य अतिथि मुख्य सचिव एल

खियांग्ते ने की। समारोह में डीजीपी अनुराग गुप्ता, डीजी रेल मुरारी लाल मीणा, एडीजी अभियान संजय आनंदराव लाठकर, आइजी सीआइडी असीम विक्रांत मिंज, आइजी सुदर्शन मंडल, डीआइजी संध्या रानी मेहता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

प्रतियोगिता में सात क्षेत्रीय टीमों ने लिया भागदक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र, रांची, कोल्हान क्षेत्र, चाईबासा, उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्र, हजारीबाग, कोयला क्षेत्र, बोकारो, पलामू क्षेत्र, डालटेनगंज, संताल परगना क्षेत्र, दुमका व आयोजक अपराध अनुसंधान विभाग क्षेत्र, रांची।

झारखंड विधानसभा चुनाव 2024

चुनाव को प्रभावित करने वाले सभी कारकों पर रखें पैनी नजर : के रवि कुमार

मेट्रो रेज

रांची : राज्य के सभी प्रवर्तन एजेंसियों के वरीय अधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने समीक्षा बैठक की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन 2024 में केवल कैश ही नहीं, बल्कि अन्य वस्तुओं के प्रलोभन से भी मतदाताओं को लुभाने का प्रयास किया जा सकता है। इन सभी गतिविधियों पर सभी प्रवर्तन एजेंसियां समन्वय स्थापित करते हुए त्वरित कार्रवाई करें। सभी प्रत्याशियों को सामान अवसर प्रदान करने एवं राज्य में स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए सभी को सम्मिलित रूप से प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि

आरबीआई के पदाधिकारी सभी संदिग्ध लेनदेन एवं बल्क ट्रांजेक्शन पर ध्यान रखें। किसी भी संदिग्ध लेनदेन की सूचना मुख्यालय से साझा करते हुए बैंक एकाउंट को सीज करें। उन्होंने यातायात, वन विभाग, एयरपोर्ट आथोरिटी, मद्य निषेध विभाग, ईडी, कस्टम विभाग, आयकर विभाग आदि के पदाधिकारियों को निर्वाचन के दौरान मुस्तैदी से कार्य करते हुए अवैध गतिविधियों पर पूर्णतः रोक लगाने का निर्देश दिया।

मतदादाओं को प्रलोभन देने वालों पर रखें नजर : के रवि कुमार ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में कई प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को प्रलोभन के लिए कई तरह की वस्तुओं को बांटा जाता है, इसपर कड़ी नजर रखें। सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध शराब, ड्रग्स आदि के आवागमन की संभावना है, इन सभी अवैध सामग्री के आवागमन पर नजर रखने के लिए सभी सीमावर्ती राज्यों एवं जिलों में निर्मित चेकपोस्टों पर सीसीटीवी से निगरानी रखी जानी है। जिसकी मॉनिटरिंग जिला मुख्यालय एवं राज्य स्तर से वेबकास्टिंग के मध्यम से की जा रही है। इस अवसर पर राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए। वी। होमकर, अवर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा सहित सभी प्रवर्तन एजेंसियों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

बंगाल की खाड़ी में बन रहा निम्न दबाव, 8 जिलों में बारिश का अलर्ट

रांची : शुक्रवार की सुबह राजधानी रांची के कुछ हिस्सों में जबरदस्त बारिश हुई। कांके में करीब 13 मिमी के आसपास बारिश हुई। पिछले 24 घंटे में संताल परगना के कुछ हिस्सों में भी अच्छी बारिश हुई। महारो, पंचेत आदि हिस्सों में अच्छी बारिश हुई। यहां करीब 45 मिमी के आसपास बारिश हुई। वहीं मौसम विभाग ने रांची सहित कुछ जिलों में गरज के साथ बारिश की चेतावनी जारी की है। इन जिलों में बारिश का अलर्ट जारी: मौसम विभाग ने कहा कि राजधानी रांची, खूंटी, गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा, सरायकेला-खरसावां, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम में गरज के साथ बारिश हो सकती है। इस दौरान मौसम विभाग ने लोगों को आसमानी बिजली से बचने और बाहर न निकलने की सलाह दी है। आईएमडी ने इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

कार्यालय जिला परिषद, रॉंची

शुद्धि–पत्र

PR No.338803

इस कार्यालय के द्वारा प्रकशित ई–निविदा आमंत्रण सूचना टेंडर रिफ्रेन्स नम्बर – **DOPR/DE/Ranchi/21/2024-25** के ग्रुप संख्या–01 (रॉंची जिला अंतर्गत सिल्ली प्रखण्ड मौजा–खापचाबेड़ा में इण्डोर (02 कोर्ट) निर्माण) को आर्दश आचार संहिता के कारण से अगले आदेश तक के लिए स्थगित किया जाता है।

जिला अभियंता
जिला परिषद रॉंची

PR 339267 (Panchayati Raj)24-25*D

सुविचार

किसी भी व्यक्ति के विचार ही सबकुछ हैं। वह जैसा सोचता है, वैसा ही बन जाता है : महात्मा गांधी

विदेश मंत्री की पाक यात्रा से बना पॉजिटिव संकेत

विदेश मंत्री एस जयशंकर की हालिया पाकिस्तान यात्रा ने दोनों देशों के रिश्तों में जिस तरह पॉजिटिविटी का माहौल बनाया है, वह इस बात का अच्छा उदाहरण है कि बेहद प्रतिकूल हालात में भी कुशल डिप्लोमेसी से कुछ न कुछ बेहतर नतीजे हासिल किए जा सकते हैं। हालांकि यह पॉजिटिविटी कब तक कायम रहती है और द्विपक्षीय रिश्तों को कितनी गर्मजोशी दे पाती है, यह देखना अभी बाकी है। शांघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन की शिखर बैठक के सिलसिले में विदेश मंत्री का पाकिस्तान जाना अपने आप में इस बात का उदाहरण था कि दोनों देशों के बीच रिश्ते अच्छे नहीं हैं। कायदे से इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शिरकत होनी चाहिए थी, लेकिन स्थिति यह थी कि विदेश मंत्री जयशंकर के रूप में एक वरिष्ठ मंत्री का जाना भी एक पॉजिटिव डिवेलपमेंट माना गया। खुद जयशंकर ने भी जाने से पहले ही साफ कर दिया था कि इस यात्रा में द्विपक्षीय रिश्तों पर किसी तरह की बातचीत वह नहीं करने वाले हैं। इसके बावजूद पाकिस्तानी मीडिया में इसे दोस्ती की तरफ बढ़ा कदम माना गया। इसके बाद अब नवाज शरीफ का इस सिलसिले में आया बयान भी पॉजिटिव है। विदेश मंत्री जयशंकर की पाकिस्तान में मौजूदगी में निहित शालीनता और गरिमा को रेखांकित करना हो तो इसे पिछले साल हुई पाकिस्तानी के तत्कालीन विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी की यात्रा के संदर्भ में देखना होगा। वह भी रउड के विदेशमंत्रियों की बैठक के ही सिलसिले में आए थे। वह भी 12 साल के अंतराल के बाद पाकिस्तान के किसी वरिष्ठ नेता की भारत यात्रा थी। लेकिन वह यात्रा उनके तीखे और कड़वे बयानों के लिए चर्चित हुई। उससे दोनों देशों के रिश्तों की गुत्थी सुलझाने में कोई मदद नहीं मिली। इसके उलट जयशंकर ने न केवल रउड के मंच का इस्तेमाल विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मसलों पर भारत के स्टैंड की अहमियत समझाने में की, बल्कि अपने बॉडी लैंग्वेज और व्यक्तित्व से मेजबान को भी प्रभावित किया। यही वजह रही कि उनके लौटने के बाद पाकिस्तान में सत्तारूढ़ PML (N) के सबसे बड़े नेता और तीन बार के पीएम नवाज शरीफ ने भारत के साथ रिश्ते सुधारने का आह्वान कर दिया। उन्होंने न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछली पाकिस्तान यात्रा को भावुक अंदाज में याद किया बल्कि मोदी के खिलाफ की गई घटिया बयानबाजी के लिए पूर्व पीएम इमरान खान की भी लानत-मलामत की। माहौल तो बना निश्चित रूप से इस तरह की पहलकदमी का अपना महत्व है। इनसे रिश्तों को बेहतरी की दिशा देने वाले प्रयासों के अनुकूल माहौल बनता है। लेकिन रिश्तों की बेहतरी वास्तव में बहुत सी अन्य बातों पर निर्भर करती है। भारत-पाकिस्तान के रिश्तों में सबसे बड़ा मसला है आतंकवाद को वहां मिल रहा संरक्षण। देखना होगा कि पाकिस्तान के मौजूदा निजाम इस मोर्चे पर कितने ठोस कदम उठाते और कितना भरोसा जगा पाते हैं।

फिर वही कहानी

भारत और कनाडा के रिश्ते यों तो पिछले करीब एक साल से खासे तनावपूर्ण चल रहे थे, लेकिन सोमवार को वे अतल गहराइयों में गोता लगाते दिखे। भारत ने न केवल ओटावा से अपने उच्चायुक्त को वापस बुला लिया बल्कि नई दिल्ली में एक्टिंग हाईकमिश्नर सहित छह कनाडाई राजनयिकों को शनिवार तक देश छोड़ने को कह दिया। इस कदम से साफ है कि दोनों देशों के रिश्ते इस हालत में पहुंच गए हैं कि कम से कम हाल-फिलहाल इसमें किसी तरह के सुधार की गुंजाइश नहीं दिख रही। इसके मूल में जस्टिन ट्रूडो सरकार का यह निराधार आरोप है कि कनाडा में पिछले साल हुई हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ है। दिलचस्प है कि खुद पीएम ट्रूडो संसद में सार्वजनिक तौर पर यह आरोप लगा चुके हैं, लेकिन आज तक उनकी सरकार इसके पक्ष में कोई सबूत नहीं पेश कर पाई है। भारत को सबूत सौंपने का दावा वह जरूर करती है, लेकिन जब उसने आरोप सार्वजनिक तौर पर लगाए तो उसे सबूत भी सार्वजनिक करने चाहिए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। ऐसा न करने की वजह से भारत की यह शिकायत जायज लगती है कि कनाडा सरकार एक ही बात को बार-बार दोहराने और गोल-गोल घुमाते रहने के अलावा कुछ नहीं कर रही। ऐसे में जब सोमवार को उसने भारतीय उच्चायुक्त को ही ह्यपर्सन ऑफ इंटरेस्टह्न घोषित कर दिया तो भारत का नाराज होना स्वाभाविक था। गौर करने की बात है कि भारत ने कनाडा की मौजूदा सरकार की नीयत पर सवाल उठाते हुए साफ कहा कि वह अपने राजनयिकों की सुरक्षा को लेकर उसकी प्रतिबद्धता पर भरोसा नहीं करती और इसीलिए उन्हें वापस बुला रही है। भारत के इस असाधारण रूप से कठोर रुख के पीछे यह तथ्य है कि बार-बार ध्यान दिलाने के बावजूद ट्रूडो सरकार कनाडा में सक्रिय खालिस्तान समर्थक तत्वों पर किसी तरह का अंकुश लगाने को तैयार नहीं हुई। इसके उलट उनकी गतिविधियों को अभिव्यक्ति की आजादी का हिस्सा करार देती रही है। भारत ने अगर ट्रूडो सरकार के इस रुख को उसकी राजनीतिक मजबूरियों से जोड़ा है तो उसके पीछे भी यह ठोस तथ्य है कि उस सरकार का अस्तित्व अलगाववादी कट्टरपंथियों के समर्थन पर निर्भर करता है। बहरहाल, ताजा विवाद भले ही भारत और कनाडा के द्विपक्षीय रिश्तों से जुड़ा दिख रहा हो, लेकिन इसमें निहित मुद्दे अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के बुनियादी सरोकारों से वास्ता रखते हैं। मूल मसला यह है कि भारत जिन तत्वों को अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा समझता है, ट्रूडो सरकार उन्हें लोकतांत्रिक अधिकारों की आड़ लेने देती है। ऐसे में अच्छा यही होगा कि वह अपनी गलतियां माने और भारत के साथ रिश्ते सामान्य बनाने की पहल करे।

बाजार की ताकतों पर नियंत्रण जरूरी

> यह तो साफ है कि गेहूं और धान की खरीद सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर की जाती रही है। इसका प्रमुख कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरण व्यवस्था का सुचारू संचालन और बाजार पर नियंत्रण रहा है। जहां तक अन्य फसलों का सवाल है, देश के अधिकांश प्रदेशों में खाद्यान्नों की खरीद एफसीआई द्वारा राज्यों के मार्केटिंग फेडरेशनों के माध्यम से सहकारी संस्थाओं द्वारा व तिलहनों और दलहनों की खरीद नैफड द्वारा भी इसी व्यवस्था के तहत की जाती रही है।

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

बुवाई से पहले या बुवाई के समय फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा इस मायने में महत्वपूर्ण है कि किसानों को कौन-सी फसल लेना लाभकारी रहेगा, इस पर सोच-विचार का अवसर मिल जाता है। पिछले कुछ सालों से केन्द्र सरकार द्वारा खरीफ हो या रबी लगभग इनकी बुवाई के समय ही न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा कर दी जाती है। यह सरकार की सकारात्मक पहल है। केन्द्र सरकार ने रबी सीजन की गेहूं, सरसों सहित छह प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की है। एमएसपी की घोषणा करते समय यह भी दावा किया गया है कि इन सभी छह फसलों के एमएसपी का निर्धारण लागत से अधिक किया गया है, जिससे किसानों के लिए ये फसलें लाभकारी सिद्ध हो सके।

दावों की मानें तो लागत की तुलना में सर्वाधिक 105 प्रतिशत अधिक एमएसपी गेहूं की घोषित की गई है, सबसे कम कुसुम की लागत से 50 प्रतिशत अधिक है तो चना और जौ की लागत से 60 फीसदी अधिक घोषित की गई है। सरसों की लागत से 98 फीसदी तो मसूर की 89 प्रतिशत अधिक राशि तय की गई है। निष्कर्ष के तौर पर कहा जा सकता है कि लागत की तुलना में सभी छह फसलों की एमएसपी दरों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की गई। एमएसपी की घोषणा करते समय सरकार ने लागत में खाद-बीज, कीटनाशक, सिंचाई पर व्यय के साथ मानव श्रम को भी शामिल किया है। ऐसे में लागत से अधिक राशि मिलना किसानों के लिए लाभकारी हो सकता है।

देश में 1966-67 में सबसे पहले गेहूं की सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई थी। आज से लगभग 60 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एक अगस्त 1964 को एलके झा की अध्यक्षता में इसके लिए कमेटी गठित की थी। गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीद व्यवस्था का एक विपरीत प्रभाव सामने आने पर कि किसान अन्य फसलों की जगह गेहूं की फसल पर ही केन्द्रित होने लगे तो ऐसी स्थिति में

अन्य प्रमुख फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के दायरे में लाया गया। कृषि मूल्य एवं लागत आयोग की सिफारिश पर कृषि जिंसों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। देश में गेहूं, धान आदि 7 अनाज फसलें, 5 दलहनी, 7 तिलहनी, 4 नकदी फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। नकदी फसलों में गन्ना के सरकारी खरीद मूल्य की गन्ना आयोग द्वारा की जाती है तो गन्ने की खरीद भी गन्ना मिलों द्वारा की जाती है। इसी तरह से कपास की खरीद सीसीआई यानी कि कॉटन कारपोरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा की जाती है।

केन्द्र सरकार द्वारा प्रमुखतः राज्यों में सहकारी संस्थाओं के नेटवर्क के माध्यम से एमएसपी की खरीद की जाती है। इसमें कोई दो राय नहीं कि देश में सहकारी संस्थाओं का विस्तृत और सीधे काश्तकारों की पहुंच का नेटवर्क है। अब ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और फिर खरीद के बाद ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था से पारदर्शिता आई है। पर सवाल अभी वही है कि जब तक बाजार में खासतौर से मण्डियों में एमएसपी फसलों के भाव घोषित एमएसपी दरों के समकक्ष नहीं आते तब तक खरीद जारी रहने से ही काश्तकारों को सही मायने में इस व्यवस्था का फायदा मिल सकता है। दुर्भाग्य की बात यह है कि पारदर्शी व्यवस्था में भी बिचौलियों ने सेंध लगा ली है और लाख प्रयासों के बावजूद छोटे किसानों को सब तो नहीं पर कुछ काश्तकारों को व्यवस्था का लाभ नहीं मिल पाता। इसमें व्यवस्था का दोष इस मायने में है कि किसान को अपनी तात्कालिक व आवश्यक जरूरतों को पूरा करने के लिए साहूकार पर निर्भर रहना पड़ता है, ऐसे में काश्तकार अपनी फसल काश्तकार के नाम कर उससे अग्रिम राशि ले लेता है और बदले में काश्तकार के दस्तावेज से बिचौलिये लाभ उठा लेते हैं।

यह तो साफ है कि गेहूं और धान की खरीद सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर की जाती रही है। इसका प्रमुख कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरण व्यवस्था का सुचारू संचालन और बाजार पर नियंत्रण रहा है। जहां तक अन्य फसलों का सवाल है, देश के अधिकांश प्रदेशों में खाद्यान्नों की खरीद एफसीआई द्वारा राज्यों के मार्केटिंग फेडरेशनों के माध्यम से सहकारी संस्थाओं द्वारा व तिलहनों और दलहनों की खरीद नैफड द्वारा भी इसी व्यवस्था के तहत की जाती रही है। एक समय था जब न्यूनतम खरीद आरंभ होते ही मण्डी में भी भावों में तेजी आने लगती थी। पर अब ऐसा नहीं हो रहा है, इसके कारण क्या है, इस पर विचार करना चाहिए।

दरअसल, बिचौलियों ने एमएसपी खरीद व्यवस्था में सेंध लगा दी है। किसान से ही खरीद और ऑनलाइन व्यवस्था के बावजूद इस व्यवस्था का लाभ बिचौलिए अधिक उठाने लगे हैं। सवाल यह है कि केन्द्र व राज्य सरकारें एमएसपी व्यवस्था को फूलप्रूफ बनाना सुनिश्चित कर दे और सरकार द्वारा घोषित एमएसपी से मण्डियों में भाव नीचे जाते ही तत्काल खरीद आरंभ हो जाए तो निश्चित रूप से अन्नदाता को इस व्यवस्था का पूरा लाभ मिल सकता है। इसके साथ ही इस व्यवस्था में जिस तरह सेंध लगाई गई है, उसे रोकने के भी ठोस प्रयास किए जाने आवश्यक है। एक बार फिर बाजार व्यवस्था का भी अध्ययन करना होगा। क्यों खरीद बंद होने के कुछ समय बाद ही जिंसों के भाव बढ़ने लगते हैं। हाल ही में गेहूं के भावों में बढ़ोतरी और हर साल एक समय विशेष पर आलू, प्याज, टमाटर के भाव का बढ़ जाना यह बताता है कि कमोबेश बाजार की ताकतें अधिक शक्तिशाली हैं। इसलिए एक ओर जहां एमएसपी की खरीद व्यवस्था में सुधार व किसानों को ही वास्तविक लाभ मिले इसके प्रयास करने की आवश्यकता है, उसी तरह बाजार की ताकतों पर भी नजर रखना जरूरी हो जाता है। बाजार पर सरकार के नियंत्रण से ही सही मायने में एमएसपी व्यवस्था का लाभ मिल सकेगा।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

क्रांतिदर्शी पांडुरंग शास्त्री आठवले एवं स्वाध्याय कार्य

> इलाहाबाद में 'तीर्थराज मिलन' करने के बाद देशभर में उनके कई बड़े कार्यक्रम हुए, जिसमें 10-15 लाख लोग इकट्ठा होते थे, पर पुलिस या सिक्युरिटी की जरूरत न पड़े ऐसी 'स्वयं शिस्त' का उनके कार्यक्रम जैसा उदहारण आजतक कोई दूसरा नहीं प्रस्तुत कर सका। दूसरी विश्वधर्म परिषद् में भारत के प्रतिनिधि के रूप में दादाजी को आमंत्रित किया गया था और उनके द्वारा कहे भगवद् गीता के विचारों से विश्व के कई देशों के लोग बहुत प्रभावित हुए।

डॉ. हितेश व्यास

पांडुरंग शास्त्री आठवले एक ऐसा नाम है, जिन्होंने भगवद् गीता के विचारों की सिद्धि से न केवल हिंदुस्तान बल्कि पूरे विश्व के लोगों को स्वाध्याय कार्य का सन्देश दिया। विश्व के कई बड़े पुरस्कारों से सम्मानित पांडुरंग शास्त्री आठवले ने भगवद् गीता के विचारों को सरल शैली में बताकर लाखों लोगों को स्वार्थ के बिना कर्म करने के लिए प्रेरित किया। आज विश्वभर में दो करोड़ से भी ज्यादा उनके अनुयायी हैं। उन्हें टेम्पल्टन प्राइज, रेमन मैग्सैसे सम्मान सहित भारत सरकार की तरफ से दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।

पांडुरंग शास्त्री का जन्म महाराष्ट्र के रोहा गाँव में 19 अक्टूबर, 1920 में हुआ था। उनका जन्मदिन 'मनुष्य गौरव दिन' के रूप में मनाया जाता है। पांडुरंग शास्त्री जी 'दादा' के नाम से लोकप्रिय थे। पांडुरंग शास्त्रीजी की विशेषता थी कि उन्होंने कभी प्रेस और मीडिया का इस्तेमाल अपने और अपने कार्य की प्रसिद्धि के लिए नहीं किया। दादा जी ने पूरे जीवन में भगवद् गीता के 700 श्लोकों पर 6 से 7 बार प्रवचन किये और आज लाखों वीडियो कैसेट उनके गीता और वेद-उपनिषद् के प्रवचनों में उपलब्ध है। उनके प्रवचन की कोई भी विडियो कैसेट बाजार में बिकती नहीं है। अगर किसी को उनका प्रवचन सुनना है तो उन्हें दादाजी के स्वाध्याय केंद्र में ही जाना पड़ता है और वहीं सबके साथ बैठ कर वो प्रवचन सुन सकते हैं। उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी में कभी किसी से सामने हाथ नहीं फैलाया न ही कभी वित्तीय मदद स्वीकार की। दादाजी, भारत के 10,000 गाँवों में पैदल चल कर या खुद साइकिल चला कर गए और लोगों को गीता का उपदेश सुनाया।

आज समाज में मुफ्त का मिलने पर जहां लाइन लग जाती है, 'दादाजी' ने लाखों लोगों को -मुफ्त का लूँगा नहीं- ऐसे भगवद गीता के महान विचारों पर चलने का एक महत्वपूर्ण विचार कार्यान्वित किया है। उसने खुद कभी किसी के पास से कुछ माँगा नहीं और लाखों लोग ऐसे तैयार भी किये, जो नचिकेत्त वृति के हो। भगवद् गीता, वेद-उपनिषद और पुराणों की महत्त्व की बातें उन्होंने अपने प्रवचन द्वारा लोगों में ट्रांसफर की और वही बातें पुस्तकों के माध्यम से गाँव-गाँव तक पहुंचाई। कार्य में एक भी पैसे के लेनदेन के बगैर हर कोई व्यक्ति अपना खुद का उद्धार करने के लिए, अपने टिकट और अपनी टिफिन के साथ दूसरे गाँव एवं दूसरे व्यक्ति के पास बिना स्वार्थ जाए, ऐसा माहौल उत्पन्न किया। 'स्वाध्याय' का मतलब बताते हुए उन्होंने कहा कि यह 'स्व' का अध्ययन है, जैसे भगवद् गीता में कहा है कि व्यक्ति खुद ही अपना उद्धार कर सकता है।

इलाहाबाद में 'तीर्थराज मिलन' करने के बाद देशभर में उनके कई बड़े कार्यक्रम हुए, जिसमें 10-15 लाख लोग इकट्ठा होते थे, पर पुलिस या सिक्युरिटी की जरूरत न पड़े ऐसी ह्यस्वयं शिस्तह्न का उनके कार्यक्रम जैसा उदहारण आजतक कोई दूसरा नहीं प्रस्तुत कर सका। दूसरी विश्वधर्म परिषद् में भारत के प्रतिनिधि के रूप में दादाजी को आमंत्रित किया गया था और उनके द्वारा कहे भगवद् गीता के विचारों से विश्व के कई देशों के लोग बहुत प्रभावित हुए। वहां लोगों ने मुंहमांगी कीमत पर विचार और कार्य यात्रा उनके देश में करने की पेशकश की लेकिन दादाजी ने विनम्रता पूर्वक इसे ठुकराते हुए कहा कि यह विचारधारा मेरे देश की है और जब तक यह विचार पर चलने वाले लोग मेरे देश में तैयार नहीं होंगे तब तक मैं कही नहीं जाऊंगा।

दादाजी ने स्वाध्याय कार्य की शुरूआत गुजरात से की थी और फिर महाराष्ट्र से आगे देशभर में लेकर गए। गुजरात में अलग-अलग कई स्थानों पर बिना मूल्य वेद-उपनिषद् एवं कौशल के लिए उनके द्वारा पाठशाला शुरू की गई है। मुंबई के पास थाना में एक विद्यापीठ की स्थापना की गई है जहां स्नातक के बाद युवाओं को वेद-उपनिषद् का प्रशिक्षण बिना मूल्य दिया जाता है।

जब कोई अच्छा काम होता है तब उसमें बाधा डालने वाले लोग तैयार ही होते हैं। ऐसे ही उनके इस पवित्र कार्य में भी हुआ था। 'दीदाजी' के 80वें साल के कार्यक्रम पर उनकी खराब तबीयत के कारण जब उन्हें ऐसा लगा कि अब इस कार्य की डोर किसी को सौंपनी चाहिए तब उनका प्रस्ताव एकमात्र उनकी दत्तक पुत्री, 'जयश्री दीदी' के नाम पर ही था। यह बात भी सही थी, क्योंकि जो कार्य अपनी कड़ी मेहनत से तैयार किया गया हो, उसको वह किसी के भी हाथ में कैसे दें? उनकी इस बात में कोई वांशिक परंपरा का उद्देश्य नहीं था पर जिस व्यक्ति को उन्होंने बचपन से ही अपने साथ रखकर संस्कृति के विचारों पर चलना सिखाया था, उस पर ही उनका विश्वास होता न। लेकिन सालों से पद, प्रतिष्ठा और पैसे की लालसा में उनके आसपास भी ऐसे कई लोग थे, जो चाहते थे कि इस कार्य की जिम्मेदारी उनको दी जाये, जो दादाजी को मंजूर नहीं था। इसी बात को लेकर देशभर में यह 10-12 लोगों ने स्वाध्याय कार्य के कई अनुयायियों को उकसाया और 'दीदी' का विरोध किया।

यह बात सिद्ध है कि अगर दादाजी को पैसे की लालसा होती तो तत्कालीन उप राष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्णन की सरकारी मदद की पेशकश क्यों ठुकराते। डॉ. राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति रहते उनके पास उनकी ह्यतत्वज्ञान विद्यापीठ में गए थे। उस समय दादाजी कई आर्थिक मुश्किलों में घिरे हुए थे और राधाकृष्णन ने उनको कई चीजें ऑफर की थी, तब उन्होंने बहुत नम्र भाव से कहा था कि यह कार्य भगवान का है और उसको चलाना है तो वो अपने आप मदद कर देगा, इस कार्य को सरकारी मदद की जरूरत नहीं है। 1996 में जब दादाजी को रेमन मेगसेसे अवॉर्ड मिला तब भी उनको एवॉर्ड लेने के समय में एक ब्लैंक चेक ऑफर किया गया था, उस समय भी दादाजी ने नम्रता से उसे अस्वीकार किया था।

2003 में दादाजी के निधन के बाद उनकी बेटी जयश्री आठवले जी ने उनका कार्यभार संभाला, जिनको 'दीदी' के नाम से स्वाध्यायी लोग जानते हैं। आज देश के एक लाख गाँवों से ज्यादा और विश्व के 40 से ज्यादा देशों में यह पवित्र कार्य गति के साथ चल रहा है। दादाजी ने बगैर कंठी बांध और कोई लौकिक धार्मिक प्रक्रिया के बिना लाखों लोगों को 'एक पिता- ईश्वर' के बंधन से जोड़ा। स्वाध्याय कार्य शुरू हुआ तब भी कोई फंड-डोनेशन नहीं होता था और आज भी नहीं होता है। बिना किसी लेनदेन से यह कार्य चल रहा है। **(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

ध्यान से समाधि की ओर तभी चलेंगे, जब द्वंद्वमुक्त होंगे

योग

योगसूत्र में कहा गया है कि चित्तवृतियों अथवा मन पर नियंत्रण ही योग है। योग के आठ अंग हैं- यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि। चिकित्सा-पद्धति के रूप में या फिर शरीर और मन के रूपांतरण के लिए योग के इन सभी आठों अंगों का अभ्यास करना अनिवार्य है। योग में शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार के अभ्यास सम्मिलित होते हैं। सवाल है कि शारीरिक अभ्यास क्रम महत्वपूर्ण है या मानसिक अभ्यास क्रम?

हमारा शरीर और व्यक्तित्व वास्तव में हमारी भाव प्रक्रिया से ही बनता है। जैसा हम लगातार चिंतन करते हैं, जो कुछ भी हम सोचते रहते हैं, हम वैसे ही हो जाते हैं। इसलिए हमारी विचार प्रक्रिया का सीधा असर हमारे स्वास्थ्य या फिर रोग पर भी पड़ता है। यही विचार प्रक्रिया रोग के उपचार में भी सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यहां मन महत्वपूर्ण हो जाता है। जैसा या जो भी हम चाहते हैं वह मन-मस्तिष्क की एक खास अवस्था (अल्फा) में ही पूरा होता है। अब प्रश्न उठता है कि अगर सारा खेल मन का ही है तो फिर आसन और प्राणायाम की हमें जरूरत ही क्या है? वास्तव में भौतिक शरीर की जड़ता को खत्म करके उसे मन से जोड़ने और उसके बाद मन को अपेक्षित दशा अर्थात अल्फा अवस्था में ले जाने के लिए योगासन और प्राणायाम का अभ्यास अनिवार्य है।

जब हम योग-साधना करते हैं तो कोई न कोई भाव तो हमारे मन में व्याप्त होता ही है। मन के कई स्तर हैं। चेतन या जाग्रत अवस्था में भी भाव तो होता है लेकिन वह वास्तविकता में नहीं बदलता, क्योंकि एकाग्रता और ध्यान के बिना यह असंभव है। एकाग्रता और ध्यान से हम अपेक्षित अल्फा लेवल में पहुंच जाते हैं या यूं कहें कि अल्फा लेवल में पहुंच कर ही हम एकाग्रता और ध्यान की अवस्था में पहुंच सकते है। अल्फा लेवल कहिए या ध्यान की अवस्था, इसी में मन हमारे भावों को वास्तविकता में बदलने में सक्षम होता है। अगर हमारा शरीर स्वस्थ है और मन अपेक्षाकृत कम चंचल है तो शरीर को सही आसन में रखकर दो-चार गहरी सांस लेने पर ही हम अल्फा अवस्था में पहुंच जाएंगे और फिर इस अवस्था में पहुंचकर हम जैसा भी विचार करेंगे, जो भी सोचना शुरू करेंगे, वही भौतिक जगत में वास्तविकता ग्रहण करने लगेगा। लेकिन अगर हम यह सब ध्यानावस्था के बगैर दोहरा रहे हैं कि मैं स्वस्थ अथवा रोगमुक्त हूं तो उस अवस्था में हमारे विचार, संकल्प या फिर स्वीकारोक्ति के विरोधी विचार भी उठने लगते हैं। ध्यान या एकाग्रता की अवस्था में ही किसी मनचाहे विचार को अक्षुण्ण रखा जा सकता है। द्वंद्व से भी यहीं आकर मुक्ति संभव है।

पत्र

स्क्रीन टाइम पर कड़ा प्रहार करने की जरूरत

ऑनलाइन गेम्स अर्थात मारधाड़, तनाव आदि । जीत का अजीबोगरीब जुनून। न खाने-पीने की सुध और न ही समय का ध्यान। ऐसे गेम्स जिनमें बच्चे, किशोर और युवा डूबे रहते हैं। कभी-कभी तो अधेड़ उम्र के लोगों या बुजुर्गों का भी इन गेम्स में लगाव देखा जाता है। इन गेम्स के कारण हो रहे हादसों से कौन नहीं वाकिफ है। टारगेट इतना खौफनाक होता है कि रूह कांप जाये। कई देशों ने इसीलिए इन पर प्रतिबंध भी लगाया। इस चिंताजनक स्थिति के बीच अब कुछ सुखद चीजें भी सामने आ रही हैं। यानी ऑनलाइन गेम्स एक पक्ष एकदम स्याह ही नहीं, कुछ श्वेत भी है और यह श्वेत पक्ष इस कदर धीरे-धीरे धवल हो रहा है कि नयी पीढ़ी को मानो पुरानी कविता की उन खूबसूरत पंक्तियों की मानिंद संदेश दे रहा हो, ह्यनर हो न निराश करो मन को, कुछ काम करो, कुछ काम करो। असल में तनाव पैदा करने वाले ऑनलाइन गेम्स के बीच ही अनेक ऐसे खेल भी अब आ रहे हैं जो बहुत कूल हैं। कोई फिक्स टारगेट नहीं। बैकग्राउंड में शांत सा म्यूजिक चल रहा है, आप एक वस्तु को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। साथ में हैं पहाड़, पेड़, नदियां। उसी तरह जैसे गूगल मैप पर आप डेस्टीनेशन लगाते हैं, गलत मुड़ गए तो वह आपको परेशान नहीं करता, री-रूटिंग कर देता है। एक मोड़ गलत मुड़ गए हो तो आगे से रास्ता मिल जाएगा। हालांकि कूल गेम्स भी बाजार का ही नया रूप है, इसमें भी उलझने का उतना ही खतरा बरकरार है, लेकिन कम भयावह। ऐसे ज्यादातर गेम्स में टारगेट नहीं हैं। हिंसा नहीं है। अलग-अलग तरह के इन गेम्स में किसी में समूह में खेलने का नियम है और किसी में एकल तौर पर। अब कई गेम्स तनाव कम करने के लिए बनाये जाने लगे हैं।

अनन्या कुमारी, कोकर

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
प्रधान संपादक : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
email : metrorays.ranchi@gmail.com

पुलिस ने 270 ग्राम प्रतिबंधित गांजा के साथ कृष्णा घोष को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

मेट्रो रेज संवाददाता

साहिबगंज/उधवा : राधानगर थाना क्षेत्र के बेगमगंज के पास देर रात्रि प्रतिबंधित गांजा की बिक्री की सूचना पाकर राधानगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 270 ग्राम गांजा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान राधानगर फाड़ी घाट के कृष्णा घोष के रूप में की गई है।पुलिस ने उसके पास से प्लास्टिक के छोटा पुड़िया में बंद कुल 72 पुड़िया गांजा जिसका वजन 270 ग्राम बरामद किया है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर शुक्रवार को आरोपी कृष्णा घोष को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।बेगमगंज से कृष्ण घोष गांजा के साथ चढ़ा पुलिस के हत्थे, पुलिस मामले की कर रही अनुसंधान राधानगर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बेगमगंज के पास एक व्यक्ति गांजा के साथ है।जिसे पकड़ा जा सकता है। सूचना के आलोक में पुलिस ने इसकी सूचना

वरीय अधिकारी को देकर एक छापामारी टीम का गठन किया। इस दौरान छापेमारी टीम ने बेगमगंज के पास छापेमारी कर कृष्णा घोष नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति की तलाशी लेने पर उसके पास से प्लास्टिक के छोटा पुड़िया में बंद कुल 72 पुड़िया गांजा जिसका वजन 270 ग्राम जब्त कर लिया गया। मामले को लेकर कांड संख्या 187/24 एनडीपीएस एक्ट के तहत कृष्णा घोष के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले की अनुसंधान कर रही है।

क्या कहते है थाना प्रभारी

इस संबंध में थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय ने कहा कि नशे के कारोबार को किसी भी हाल में पनपने नहीं दिया जाएगा। पुलिस नशे के कारोबार को जड़ से समाप्त करेगी। अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस सजग है। आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील किया कि कहीं भी अवैध कारोबार की सूचना मिले फौरन पुलिस को इसकी सूचना दे त्वरित कार्रवाई की जायेगी।

छापेमारी दल में कई पदाधिकारी थे शामिल

छापेमारी दल में बीडीओ जयंत कुमार तिवारी, थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय, एसआई हसनैन अंसारी, सअनी कार्तिक उरांव, सुनील महतो, आरक्षी 290 सर्वेश्वर सोरेन व 06 रामविलास पासवान शामिल थे।

यूज ब्रीफ

कालाजार प्रभावित गांव पंडरिया का किया दौरा

साहिबगंज : राज्य कालाजार सलाहकार राँची के डॉ अंजुम इकबाल एवं मनी रिजनल कार्यालय पटना बिहार के पारस मनी के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियो के अंतर्गत कालाजार प्रभावित गाँव पंडरिया का विजिट किया गया।जिसमे टीम के द्वारा पंडरिया गाँव में चल रहे। इंटेंसीफाइड कालाजार सर्च कार्यक्रम का मॉनिटरिंग किया गया एवं एमपीडब्लू को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए! टीम के द्वारा एमपीडब्लू के पास कालाजार से सम्बंधित सभी प्रकार के रजिस्टर,प्रतिवेदन एवं दस्तावेज का अवलोकन किए एवं सर्च के दौरान मिले।कालाजार संभावित मरीजों को जल्द से जल्द जाँच करवाने को कहा गया।मौके पर जिला भीबीडी सलाहकार डॉ सत्ती बाबू डाबडा,मनोहर पंडित एमटीएस,शशिशेखर शर्मा,विनोद कुमार,विक्रम शर्मा,बेंजामीन मुर्मू,मो जहांगीर दौला एमपीडब्लू एवं बीटी हांसदा सहिया मौजूद थे।

पुराने मामले का तीन आरोपी गिरफ्तार ,जेल

साहिबगंज: मुफस्सिल थाना पुलिस ने पुराने मामले के तीन आरोपी को गिरफ्तार किया हैं।थाना प्रभारी मदन कुमार ने बताया कि हत्यारोपी शोभनपुर दियरा निवास मो. अकमल को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया हैं।वहीं दूसरी ओर पुराने मामले के दो वारंटी शोभनपुर दियारा निवासी देव महतो उर्फ रामदेव महतो व उसके पुत्र मुखिया महतो को गिरफ्तार किया गया।पुछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है।

पीड़िता ने उचित कार्रवाई की गुहार लगाई

साहिबगंज : नगर थाना क्षेत्र के पुरानी साहिबगंज में शुक्रवार की सुबह जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट व गोलीबारी का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद दोनों पक्षों ने नगर थाना में आवेदन देकर शिकायत की है। एक पक्ष की विभा देवी ने थाना में दिए आवेदन में बताया कि मकान का नव निर्माण कार्य करा रही थीं तभी अनिल यादव, सुनील यादव, रमेश यादव, शोभाकांत यादव, राम यादव व अन्य लाठी-डंडा व देसी कट्टा लेकर वहां पहुंचे और उनके घर की दीवार गिरा दी। सुनील व अनिल यादव ने उनपर और उनके पति पर जान मारने की नीयत से फायर कर दिया। सभी लोग घर में घुस कर लात-घूंसा से मारने लगे। नगर थाना की गश्ती दल के पहुंचने पर सभी भाग निकले। जिससे उनकी जान बच सकी। सारा षड्यंत्र रमेश यादव का रचा हुआ है। पीड़िता ने उचित कार्रवाई की गुहार लगाई है। वहीं दूसरे पक्ष के आरती देवी ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि पुरानी साहिबगंज, हाई स्कूल के पास उनकी पुश्तैनी जमीन है। उनकी जमीन पर सत्यनारायण यादव व शिव शंकर यादव जबरन मकान निर्माण करवा रहे थे। उनके विरोध करने और गणेश यादव ने गोली चला दी। जिसमें पीड़िता और उसके बाल-बाल बच गए। उन्होंने उक्त जमीन पर धारा 144 लगवा दिया है। इजके बावजूद उक्त लोग 16 अक्टूबर से लगातार उक्त जमीन पर काम करवा रहे हैं। पुलिस के आने पर काम बंद करवा देता है और पुलिस के जाते ही काम शुरू करवा देता है। पुत्र व दामाद को झूठे आरोप में पकड़वा दिया है। पीड़िता ने पुत्र व दामाद को छोड़ने और कड़ी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

युवक गंभीर रूप से घायल

साहिबगंज:जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के बड़ा पंचगढ़ निवासी , सुमित कुमार बाइक दुघर्टना में गंभीर रूप से घायल हो गया।स्थानीय लोगों कि मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया।वही स्वजनों ने बताया कि सुमित कुमार बाजार से अपने घर आ रहा था तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से बिजली के खंभे से जा टकराया। जिससे ,।जहां ड्यूटी तैनात डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हायल रेफर कर दिया ।

कीटनाशक दवा खाने से एक की मौत

साहिबगंज:राजमहल थाना के क्षेत्र कसबा निवासी शुक्ला मंडल ने कीटनाशक दवा खाने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि शुक्ला मंडल के कीट नाशक दवा खाने के बाद तबीयत बिगड़ने लगी स्वजनों ने इलाज के लिए राजमहल अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया जहां डॉक्टर फरोग हसन ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्वजनों ने शव को लेकर निकल गए। सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा है कि शुक्ला मंडल की पत्नी किसी अन्य व्यक्ति के साथ फरार हो गई। शुक्ला मंडल अपनी पत्नी को खोजने के लिए इधर-उधर भटकने के लगा हर रिश्तेदार के यहां पूछताछ करने लगा खोजबीन करने के दौरान भी जब उसकी पत्नी नहीं मिली । तो उसे जानकारी प्राप्त हुई की उसकी पत्नी किसी के साथ फरार हो गई है यह सदमा बर्दाश्त नहीं कर पाया और आत्महत्या करने के लिए कीटनाशक दवा खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने सदर अस्पताल लाने के क्रम में उसकी रास्ते में ही मौत हो गई जहां सदर अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

परीक्षा प्रपत्र कल तक बिना विलंब शुल्क के भरा जा रहा

साहिबगंज : इग्नू क्षेत्रीय कार्यालय,देवघर के निदेर्शानुसार इग्नू अध्ययन केन्द्र-3605 साहिबगंज महाविद्यालय के समन्वयक डॉ ध्रुब ज्योति कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सत्रांत परीक्षा दिसंबर 2024 के लिए परीक्षा प्रपत्र 20 अक्टूबर तक बिना विलंब शुल्क के भरा जा रहा है तथा 21से 31 अक्टूबर 2024 तक 1100 विलंब शुल्क के साथ भरा जाएगा।सत्रांत परीक्षा दिसंबर 2024 के लिए सत्रीय कार्य जमा करने की अंतिम तिथि 31अक्टूबर है।डॉ सिंह ने बताया कि जुलाई 2024 के लिए नव नामांकन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर है जिन विद्यार्थियों को स्नातक,स्नातकोत्तर,डिप्लोमा कार्यक्रमों में नामांकन लेना है वे ऑनलाइन के माध्यम से इग्नू की वेबसाइट से नामांकन ले सकते है।उन्होंने बताया कि इग्नू से संबंधित जानकारी के लिए इग्नू अध्ययन केंद्र 3605,साहिबगंज महाविद्यालय साहिबगंज में संपर्क कर सकते है।

बोरियो प्रखंड में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

मेट्रो रेज संवाददाता

साहिबगंज : विधानसभा चुनाव - 2024 को पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए चुनाव प्रक्रिया के मद्देनजर गठित स्वीप कोषांग के द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु प्रयासरत हैं।इसी संदर्भ में बोरियो प्रखंड अंतर्गत स्वीप कोषांग के द्वारा बोरियो प्रखंड सभागार में बीएल ओ एवं बैग टीम के साथ फॉक्स ग्रुप डिस्कशन किया गया।जिसमें मतदाताओं को होने वाली समस्याओं का जानकारी प्राप्त किया गया और ज्यादा से ज्यादा संख्या में वोटर को बूथ तक कैसे पहुंचे इस पर विस्तृत चर्चा की गई और सबके साथ वोट करेगा साहिबगंज का शपथ लिया गया कि हम लोग स्वयं भी वोट करेंगे एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक एवं प्रेरित करें।बीएल ओऔर बेग

टीम के साथ मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया जिसमें बीएल ओ और बेग टीम के द्वारा मतदान केंद्र तक मतदाताओं को पहुंचने में समस्याओं का बात कही गयी और उसके समाधान के बारे में उन्हें अवगत कराया गया जिसमें दिव्यांग मतदाता, महिला मतदाता, 80+ मतदाताओं रिलेटेड मतदाताओं के बारे में विमर्श किया गया।इसके अलावा तेलों पंचायत में भी जेएसएलपीएस की सखी दीदियों के साथ में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया जिसमें दीदियों को मतदान में होने वाले सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई।मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी- सह- नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग चित्रा यादव एवं स्वीप कोषांग के कर्मी उपस्थित थे।

कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने की बैठक

मेट्रो रेज संवाददाता

साहिबगंज/ बरहरवा : प्रखंड अंतर्गत रामनगर पंचायत एवं मिजार्पुर पंचायत में कांग्रेस पार्टी के कोर कमिटी के कन्वेनर एवं सदस्यों के द्वारा कांग्रेस पार्टी के सम्मानित कार्यकर्ताओ की एक बैठक की गई।जिसमे रामनगर पंचायत की अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष अनारूल खान ने की तथा मिजार्पुर पंचायत की अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष मुनताज अली ने की।बैठक में कोर कमिटी के कनव्हेयर के रूप में जिलाध्यक्ष बरकत खान एवं कोर कमिटी के सदस्य के रूप में मो.नसीरुद्दीन,शमसोर खान,मो.तमिजुद्दीन सेख एवं शरत मंडल उपस्थित रहे।बैठक का मुख्य उद्देश्य आने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बुथ कमेटी के सदस्यों को दिशा निर्देश देना था।साथ ही किस प्रकार चुनाव में अग्रतर कार्य करते हुए चुनाव में अपने प्रत्याशी को भारी से भारी मतों में जीताने को लेकर चर्चा की गई।बूथ

कमिटी का समीक्षा भी किया गया।जिलाध्यक्ष बरकत खान ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि झारखण्ड की गठबन्धन सरकार के द्वारा चलाई गई जन उपयोगी योजनाओं की जानकारी सभी कार्यकर्त्ता घर घर पहुंचाना सुनिश्चित करें,विशेष कर मुख्यमंत्री मैया समान योजना के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दे।बरकत खान में बताया कि पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के द्वारा किए गए विकास कार्य एवं गठबंधन सरकार के द्वारा चलाई गई जन उपयोगी योजनाओं के द्वारा हम लोग पुनःझारखंड में गठबन्धन की सरकार बनाएंगे। बैठक में कमाल शेख, दाऊद शेख, आफताब आलम, अब्दुल करीम,तैयब शेख, साकिर शेख, सिद्दीक,अजहरूल, अब्दुल बारीक, फिरोज, जहीरुल आलम, नौशाद शेख, अरमान अली,इमाम हुसैन, राजा हेंब्रम, वकील रामानी, मोकीम शेख,नजमुल शेख,आलमगीर शेख सहित सैंकड़ों कार्यकर्त्ता उपास्थित थे।

पलामू में पहले दिन एक भी नामांकन नहीं, कई प्रत्याशियों ने खरीदा नामांकन पत्र

मेट्रो रेज संवाददाता

पलामू: विधानसभा चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना शुक्रवार को जारी कर दी गई है. अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई. पहले दिन शुक्रवार को कई दिग्गजों ने नामांकन पत्र खरीदा है. जबकि किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया है. पहले दिन डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र से पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, लक्ष्मी तिवारी, महेश साव, सुनील प्रजापति ओमप्रकाश गुप्ता ने नामांकन पत्र खरीदा है.

पहले दिन इन्होंने खरीदा नामांकन पत्र

वहीं पांकी विधानसभा क्षेत्र से बच्चन सिंह, देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह, नागेंद्र कुमार, विनोद कुमार, लाल सूरज, नरेश कुमार और सुमित कुमार ने नामांकन पत्र खरीदा है. वहीं विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से नरेश प्रसाद सिंह, राजीव रंजन पांडेय, अंजू सिंह, रौशन सिंह, अनिल मिस्त्री, सिराजुद्दीन खान, सहने आरा खातून और गोपाल राम ने नामांकन पत्र खरीदा है. हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, वीरेंद्र कुशवाहा और मनोज कुमार ने नामांकन पत्र खरीदा है.

नामांकन को लेकर सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम

नामांकन को लेकर कार्यालयों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. बड़ी संख्या में दंडाधिकारियों और पुलिस जवानों की तैनाती की गई है. बता दें कि डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र का नामांकन मेदिनीनगर सदर एसडीएम, पांकी विधानसभा क्षेत्र का नामांकन जिला आपूर्ति कार्यालय, बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र का नामांकन अपर समाहर्ता के कार्यालय में हो रहा है. वहीं छतरपुर विधानसभा क्षेत्र का नामांकन छतरपुर एसडीएम कार्यालय और हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र का नामांकन हुसैनाबाद एसडीएम के यहां हो रहा है.

अनुमंडल क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू

विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही सभी अनुमंडल क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू कर दिया गया है. नामांकन को लेकर पलामू कचहरी परिसर में बैरिकेडिंग की गई है और बड़ी संख्या में पुलिस जवानों को तैनात किया गया है.

सांड के चुंगल से बाल-बाल बचा एक व्यक्ति

मेट्रो रेज संवाददातां

साहिबगंज/उधवा: राधानगर थाना क्षेत्र के कई इलाकों में सांड खुलेआम घूम रहे है और लोगों को परेशान कर रहे है। कई लोगों को सांड के हमले में चोटें भी आई है। जानकारी के अनुसार राधानगर थाना क्षेत्र के उधवा पाकीजा मोड़ के पास शुक्रवार को सांड ने एक व्यक्ति पर हमला कर दिया। ग्रामीणों के सूझ बूझ से उक्त व्यक्ति की जान बचाई गई। बताया जा रहा है कि सांड के चपेट में अब तक कई लोगों की घायल होने की सूचना है। हालाकी सांड के आतंक से कई लोगों को जान माल की नुकसान होने की चिंता सता रही है। कुछ लोगों के द्वारा सोशल मीडिया में उक्त घटना की वीडीओ वायरल कर प्रशासन से समाधान की गुहार लगाई गई। इस संबध में कुछ लोगों ने बताया कि शुक्रवार को उधवा पाकीजा मोड़ से ग्रामीण बैंक के बीच शुक्रवार को एक सांड पिछले दो दिनों से लोगों को परेशान कर रखा है और अपने आसपास के लोगों को घायल कर रहा है। सांड के हमले से अब तक कई लोग घायल हो गए है। इस घटना में किसी का पैर और हाथ भी टूट गया है। लोगों का कहना है कि सांड के आतंक से उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ गए है। जल्द ही प्रशासन को इस पर हस्तक्षेप करते हुए जल्द ही समस्या का समाधान करना चाहिए।

आयुक्त ने किया गढ़वा के भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के बूथों का निरीक्षण, कहा

मतदान केंद्रों पर उपलब्ध रहेगी जरूरी सुविधाएं

मेट्रो रेज संवाददाता

गढ़वा: पलामू प्रमंडलीय आयुक्त बाल किसुन मुंडा ने शुक्रवार को अधिकारियों के साथ गढ़वा जिले के भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में अवस्थित विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया. इस दौरान आयुक्त ने बूथों पर उपलब्ध आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं की जानकारी ली और पदाधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए.

भवनाथपुर विधानसभा के बूथों का किया निरीक्षण

आयुक्त ने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग, उत्क्रमित मध्य विद्यालय रमना और राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय रमना में बनाए गए विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली.

बूथों पर उपलब्ध रहेगी जरूरी सुविधाएं: आयुक्त

इस मौके पर आयुक्त बाल किसुन मुंडा ने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर हमने दो मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया है. बूथों पर सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है. साथ ही आयुक्त ने गढ़वा के बॉर्डर इलाके का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया.

निरीक्षण में आयुक्त के साथ ये भी थे शामिल

निरीक्षण के दौरान आयुक्त के साथ गढ़वा के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर, आयुक्त के सचिव विजय वर्मा, गढ़वा के उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय सहित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और संबंधित मतदान केंद्रों पर संबंधित बीएलओ आदि उपस्थित रहे.

बॉर्डर इलाके में अलर्ट जारी

बता दें कि गढ़वा जिला चार राज्यों की सीमा से लगा है. इस कारण अधिकारियों की नजर गढ़वा जिले के विधानसभा क्षेत्रों पर रहती है. सीमा क्षेत्रों में चुनाव को लेकर पुलिस पदाधिकारियों को अलर्ट रहने और चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है.



फिल्म समीक्षा

प्यार और समर्पण की कहानी है 'क्रिस्पी रिश्ते'

फिल्म : क्रिस्पी रिश्ते
डायरेक्टर : जगत सिंह
ऐक्टर्स : जगत सिंह, दिलजोत, मनमीत कौर, रोनित कपिल, मुरली शर्मा, बृजेंद्र काला
प्रोड्यूसर : सागर श्रीवास्तव
रेटिंग : 3 स्टार्स

ट्राइंगल लव स्टोरी बॉलीवुड में रोमांटिक फिल्मों के लिए कोई नया नहीं है ' अक्सर लव स्टोरी वाली हर दूसरी फिल्म बॉलीवुड में ट्राएंगल लव स्टोरी ही होती है लेकिन ट्राएंगल लव स्टोरी का प्रेजेंटेशन ओर कहानी में ट्विस्ट अच्छा हो तो फिल्म के सक्सेस का फामूर्ला बन जाता है। फिल्म 18 अक्टूबर को जियो सिनेमा और हंगामा पर एक साथ रिलीज हुई है। फिल्म की कहानी राजस्थान के एक कद्दावर ठाकुर वीरेन्द्र सिंह के बेटे करण (जगत सिंह) की है, जो अपने पिता के डर से उनके फैसले के खिलाफ जाने की हिम्मत नहीं करता है ' ठाकुर वीरेन्द्र सिंह करण की शादी अपनी पसंद की लड़की से करवाना चाहता है, जबकि करण एक बोल्ड और बिंदास्त लड़की नताशा (मनमीत कौर) से प्यार करता है' इसके बावजूद वो अपने पिता के खिलाफ नहीं जा पाता है' करण पेशे से वकील अपने गट्टू मामा (बृजेन्द्र कल) से अपना दुख दर्द शेयर करता है, लेकिन उनके सपोर्ट के बाद भी शादी नहीं रोक पाता है और फाइनली उसकी शादी अंजलि (दिलजोत) से हो जाती है' अंजलि अनाथ है और नताशा के ठीक विपरीत शांत, सुशील और पति को परमेश्वर मानने वाली लड़की है' अब यहां से करण की जिंदगी में कशमकश शुरू होती है, लेकिन धीरे-धीरे खूबसूरत घटनाक्रम के माध्यम से करण अंजलि को चाहने लगता है'

इसी बीच कहानी में अंजलि के प्रेमी विनोद (रोनित कपिल) की एंट्री होती है और यहां से कहानी में नया ट्विस्ट शुरू होता है' फाइनली एंड में क्या होता है, इसके लिये फिल्म देखनी पड़ेगी ' अभिनय की बात करें तो नताशा के कैरेक्टर में मनमीत कौर, करण के कैरेक्टर में जगत सिंह और विनोद के कैरेक्टर में रोनित कपिल ने आउटस्टैंडिंग परफोर्मेंस दी है, जबकि दिलजोत अंजली के कैरेक्टर में काफी सहज लगी है ' गट्टू मामा के कैरेक्टर को बृजेन्द्र काला ने बखूबी निभाया है' करण के दोस्त कबीर के कैरेक्टर में भूपेश सिंह ने भी प्रभावित किया है' फिल्म का सबसे बड़ा प्लस पॉइंट्स फिल्म के गाने हैं' फिल्म में 15 गाने का वॉइस आवर में इस्तेमाल किया गया है। गाने में राजस्थानी फोक का भी समावेश है' फिल्म में खूबसूरत लोकेशन का इस्तेमाल किया गया है' फिल्म के सिनेमेटोग्राफर सुहास राजा राम महादिक ने अच्छा काम किया है' फिल्म में कुछ कमियां भी हैं, जैसे वीरेन्द्र सिंह के किरदार को थोड़ा और विस्तार देना चाहिए था' अभिनेता मुरली शर्मा का भी अच्छा उपयोग नहीं किया गया' नताशा के कैरेक्टर को कुछ ओवर दिखाया गया है और साथ ही क्लाइमेक्स बहुत ज्यादा प्रभावशाली नहीं है' नए फिल्ममेकर के दृष्टिकोण से डायरेक्शन ठीक है लेकिन स्क्रिप्ट को और प्रभावशाली बनाया जा सकता था'

अक्षय कुमार-आर.माधवन की आने वाली फिल्म का शानदार ऐलान

बॉलीवुड के 'खिलाड़ी' अक्षय कुमार और फिल्म 'रहना है तेरे दिल में' से सबके दिल में अपनी पहचान बनाने वाले आर. माधवन को एक साथ एक फिल्म में देखना फैंस के लिए बेशक किसी सौगात से कम नहीं होगा। दर्शकों को इस उत्सव को सिल्वर स्क्रीन पर अनुभव करने का मौका मिलेगा। आर. माधवन और अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म का ऐलान हो गया है। करण जौहर इस फिल्म के निमार्ता होंगे।

इस फिल्म में अक्षय-माधवन आएंगे नजर

निमार्ता हाल ही में करण जौहर ने एक अनाम फिल्म की घोषणा की है। करण जौहर ने सोशल मीडिया पर 'धर्मा प्रोडक्शन' की आने वाली फिल्म की घोषणा की है। 'एक अनकही कहानी, एक अनसुना सच। ये अनाम फिल्म 14 मार्च 2025 को को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस कैप्शन के साथ इस फिल्म की घोषणा की गई है। इस फिल्म का निर्देशन करण सिंह त्यागी करेंगे। फिल्म में अक्षय कुमार, आर.माधवन और अनन्या पांडे मुख्य भूमिका निभाने वाले हैं।

जलियांवाला बाग घटना पर आधारित होगी

यह फिल्म अमृतसर के जलियांवाला बाग में अंग्रेजों के नरसंहार पर आधारित है। यह फिल्म रघु पलाट और पुष्पा पलाट की किताब 'द केस दैट शुक द एम्पायर' पर आधारित होगी। जलियांवाला बाग हत्याकांड के समय पंजाब के उपराज्यपाल माइकल ओ'डायर की कार्यकारी परिषद ने अपने पूर्व सदस्य चेट्टूर शंकरन नायर के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। इस फिल्म में कोर्टरूम ड्रामा देखने को मिलेगा।

अर्जुन कपूर से ब्रेकअप के बाद पहली बार मलाइका अरोड़ा ने तोड़ी चुप्पी

बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा हमेशा किसी न किसी वजह से चर्चा में रहती हैं। कुछ दिनों पहले वह अपने पिता के निधन और अर्जुन कपूर से ब्रेकअप की खबरों को लेकर सुर्खियों में थीं। पिता के निधन पर अर्जुन पूरे समय उनके साथ नजर आए तो चर्चा होने लगी कि दोनों के बीच सब कुछ ठीक है। इस बीच मलाइका ने एक इंटरव्यू में अपने पछतावे और अपनी पसंद के बारे में बात की। उनके इस बयान के बाद दर्शक उनका सीधा रिश्ता अर्जुन कपूर से जोड़ रहे हैं।

मलाइका अरोड़ा इंटरव्यू में अपने फैसलों और प्राथमिकताओं के बारे में बात करती हैं। उन्होंने कहा, 'मैं अपनी निजी जिंदगी और काम में जो कुछ भी चुनती हूं, उसने मेरे जीवन को आकार दिया है। इसी वजह से मैं बिना किसी पछतावे के जीती हूं और खुद को भाग्यशाली मानती हूं।' इस किस्से को जानने के बाद अब लोग सोच रहे हैं कि ये बयान देकर मलाइका ने सीधे तौर पर अर्जुन कपूर की तरफ इशारा किया है।

इंटरव्यू के दौरान मलाइका ने कहा कि 'जिंदगी बहुत व्यस्त है और आपको वो काम करना पड़ता है, जिसके बारे में दुनिया जानती

है। मेरे लिए इस तरह की जीवनशैली बनाए रखना बहुत महत्वपूर्ण है, बशर्ते मैं खेल में शीर्ष पर रह सकूं। हर दिन मैं हर चीज के लिए अपनी दिनचर्या का पालन करती हूं, चाहे वह सुबह जल्दी उठना हो, वर्कआउट करना हो या कुछ खास चीजें खाना और आराम करना हो।'

मलाइका ने आगे कहा कि 'आपका स्वास्थ्य और आपकी जीवनशैली दोनों ही बहुत महत्वपूर्ण हैं। मैं इस बात पर नजर रखती हूं कि मेरे मन की शांति के लिए क्या महत्वपूर्ण है। बेशक, यह मेरे शरीर के लिए भी फायदेमंद है। चाहे वह आत्म-देखभाल हो, व्यायाम करना हो या ध्यान करना हो। जरूरत इस बात की है कि आप उन चीजों पर ध्यान केंद्रित करें जो आपको मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक रूप से संतुलित करें।'

शाहरुख खान ने सेंस ऑफ ह्यूमर पर दिया बयान

शाहरुख खान सेंस ऑफ ह्यूमर तो हर कोई जानता है लेकिन अब शाहरुख ने हास्य न दिखाने का फैसला किया है। उनका कहना है कि आजकल मौज-मस्ती करना महंगा हो गया है। उन्होंने ये बयान एक पॉडकास्ट में दिया है। शाहरुख खान लोकानो महोत्सव में भाग लिया।

शाहरुख खान ने पॉडकास्ट में कहा, 'मैं कॉमेडी फिल्में करना चाहता हूं। लेकिन लोग मेरे सेंस ऑफ ह्यूमर को गलत तरीके से लेते हैं। सच कहूं तो मेरे पास पहले से ही अच्छा सेंस ऑफ ह्यूमर है। मैं लोगों को हंसा सकता हूं लेकिन ये अभी गलत समय है। मेरी टीम हमेशा मुझसे कहती है कि लोग आपके चुटकुलों को नहीं समझते हैं।' उन्होंने कहा, 'आजकल लोग बहुत संवेदनशील हैं। हम कुछ कहेंगे और लोग उसे मान लेंगे। हास्य की कोई भावना न होना बेहतर है। रोमांस, एक्शन के साथ काम खत्म, अब मैं कॉमेडी, हॉरर फिल्में करना चाहता हूं। एक अभिनेता के रूप में, मुझे लगता है कॉमेडी बहुत महत्वपूर्ण है। इसे बहुत गंभीरता से लेना होगा। कई कलाकार इसमें असफल भी होते हैं।' शाहरुख खान फिलहाल आने वाली फिल्म 'किंग' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसमें उनकी प्यारी बेटी सुहाना खान भी मुख्य भूमिका में हैं। शाहरुख के रोल के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।

देसी गर्ल ने नन्हें फैन्स के साथ खिंचवाई तस्वीरें, प्रियंका को मिल रही तारीफ

बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा हमेशा चर्चा में रहती हैं। कई सुपरहिट फिल्मों में काम कर चुकीं प्रियंका ने अपनी एक्टिंग से दर्शकों के दिलों में जगह बनाई। अब देसी गर्ल ने अपनी अदाओं से फैन्स का दिल जीत लिया है। सोशल मीडिया पर प्रियंका का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो को देखने के बाद नेटिजन्स एक्ट्रेस की तारीफ कर रहे हैं। प्रियंका हाल ही में काम के सिलसिले में भारत आई और प्रियंका एक कार्यक्रम के लिए घर लौटीं। इस इवेंट के दौरान का उनका एक वीडियो वायरल हो रहा है। प्रियंका का यह वीडियो पैपराजी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। इस वीडियो में प्रियंका अपने नन्हें फैन्स के साथ तस्वीरें खिंचवाती नजर आ रही हैं। अपने नन्हें फैन्स के प्रति प्रियंका का व्यवहार देखकर फैन्स काफी खुश हैं। इस वीडियो पर कमेंट कर एक्ट्रेस के एक्शन की जमकर तारीफ की जा रही है। प्रियंका फिलहाल वेब सीरीज 'सिटाडेल' के नए सीजन की शूटिंग कर रही हैं साथ ही वह मराठी फिल्म 'पानी' की वजह से भी चर्चा में हैं। आदिनाथ कोठारे की इस फिल्म का निर्माण प्रियंका ने किया है। इस फिल्म में अपनी पत्नी के लिए गांव में पानी लाने वाले योद्धा हनुमंत केंद्र की सच्ची कहानी को बड़े पर्दे पर पेश किया गया है।

बेंगलुरु टेस्ट : बल्लेबाजों ने कराई भारत की शानदार वापसी, चौथे दिन लंच तक 3 विकेट पर बनाए 344 रन, सरफराज का नाबाद शतक

ऋषभ पंत ने खेली शानदार नाबाद अर्धशतकीय पारी, भारत पहली पारी के आधार पर 12 रन पीछे

एजेंसी

बेंगलुरु। दो दिन पहले शायद हर किसी के जेहन में चल रहा था कि भारतीय टीम को पारी की हार का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि न्यूजीलैंड ने भारत को पहली पारी में केवल 46 रन पर समेटने के बाद 402 रन बनाकर 356 रनों की विशाल बढ़त हासिल कर ली थी, और तब शायद न्यूजीलैंड ने सोचा था कि जीत उनसे केवल कुछ ही कदम दूर है, लेकिन भारतीय टीम ने फिर ऐसा कारनामा किया, जो केवल भारतीय टीम ही कर सकती है। हालांकि भारतीय टीम मैच में अभी पीछे है, लेकिन पारी की हार को टीम ने टाल दिया है।

भारतीय टीम ने यहां एम. चिन्नास्वामी में न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रहे पहले टेस्ट के चौथे दिन 3 विकेट पर 344 रन बना लिए हैं। सरफराज खान शानदार शतकीय पारी खेलते हुए 125 रन बनाकर नाबाद हैं, उनके साथ ऋषभ पंत 45 रनों की अर्धशतकीय पारी के साथ क्रीज पर मौजूद हैं। बारिश के कारण जब खेल रोका गया, तब भारतीय टीम न्यूजीलैंड के स्कोर से केवल 12 रन दूर हैं।

दूसरी पारी में रोहित और यशस्वी ने भारत को दिलाई अच्छी शुरूआत : दूसरी पारी में कप्तान रोहित शर्मा और युवा बल्लेबाज

यशस्वी जायसवाल ने टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 72 रन जोड़े। यशस्वी 52 गेंदों पर 35 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कप्तान रोहित ने टेस्ट करियर का 18वां अर्धशतक जड़ा। रोहित अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन वह अजीब तरीके से आउट हो गए। दरअसल, रोहित ने गेंद को अच्छे से डिफेंड कर लिया था, लेकिन गेंद पीछे की ओर गई और स्टम्प्स में जा लगी। इस तरह रोहित आउट हो गए। रोहित ने 63 गेंदों पर आठ चौकों और एक छक्के की मदद से 52 रन बनाए।

दो विकेट गिरने के बाद विराट कोहली और सरफराज खान ने पारी को आगे बढ़ाया। दोनों बल्लेबाजों ने तेजी से रन बटोरे। इस दौरान सरफराज ने अपने टेस्ट करियर का चौथा अर्धशतक लगाया। फिर इसके बाद कोहली ने भी पचासा जड़ दिया। इस दौरान कोहली टेस्ट में नौ हजार रन पूरे करने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज भी बन गए। कोहली और सरफराज दोनों 100 रन से अधिक साझेदारी कर भारतीय टीम को मुश्किल से निकाल रहे थे, लेकिन तीसरे दिन के खेल की अंतिम गेंद पर कोहली ग्लेन फिलिप्स की गेंद पर विकेटकीपर के हाथों कैच आउट हो गए।

चौथे दिन सरफराज और पंत ने कराई भारत की वापसी : चौथे दिन सुबह जब सरफराज और पंत बल्लेबाजी करने उतरे तो भारतीय टीम पहली पारी के आधार पर 125 रनों से पीछे थी, दोनों बल्लेबाजों ने शुरूआत में संभलकर खेला, लेकिन इसके बाद अपने हाथ खोलने शुरू किये. सरफराज ने 110 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। यह अंतरराष्ट्रीय टेस्ट में उनका पहला शतक था। हालांकि इसके बाद पंत ने भी अपने हाथ खोले और 55 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। भारत ने 71 ओवर में 3 विकेट पर 344 रन बना लिए थे, तभी बारिश शुरू हो गई और अंपायरों ने लंच की घोषणा कर दी। सरफराज 125 और पंत 53 रन बनाकर नाबाद हैं। दोनों के बीच अब तक 132 गेंदों पर 113 रनों की साझेदारी हो चुकी है।

न्यूजीलैंड ने पहली पारी में बनाए 402 रन, रचिन रवींद्र का शतक, साउथी ने लगाया अर्धशतक : इससे पहले न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 402 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए रचिन रविंद्र ने 134 रनों की बेहतरीन पारी खेली। उन्होंने 157 गेंदों का सामना किया और 13 चौके व 4 छक्के लगाए। उन्होंने चिम साउथी के साथ मिलकर आठवें आठवें विकेट के लिए 137 रनों की साझेदारी भी की, जिसमें साउथी की 65 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी भी शामिल थी। साउथी ने 73 गेंदों का सामना किया और 5 चौके और 4 छक्का लगाया। इन दोनों के अलावा डेवोन कॉन्वे ने 91 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। भारत की तरफ से कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा ने 3-3, मोहम्मद सिराज ने 2, रविचंद्रन अश्विन और जसप्रीत बुमराह ने 1-1 विकेट लिया।

भारत की पहली पारी 46 रन पर सिमटी, पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके : इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत की टीम केवल 46 रनों पर सिमट गई। भारत की तरफ से ऋषभ पंत ने सर्वाधिक 20 रन बनाए, जबकि पांच बल्लेबाजों ने खाता भी नहीं खोला और तीन बल्लेबाज तीन रनों का आंकड़ा भी नहीं छू पाए। ऋषभ पंत के अलावा यशस्वी जयसवाल (13) ही दहाई का आंकड़ा छू सके, जबकि विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन खाता भी नहीं खोल सके। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने 5 विकेट झटके, जबकि विलियम ओ'रूर्के ने 4 विकेट लिए, वहीं टिम साउथी को 1 विकेट मिला।

भारत ए के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वापसी के लिए तैयार ईशान किशन

नई दिल्ली । ईशान किशन को इस साल की शुरूआत में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया गया था, क्योंकि उन पर घरेलू क्रिकेट की तुलना में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को प्राथमिकता देने का आरोप था। अब वे भारत ए टीम में वापसी करने के लिए तैयार हैं। वर्तमान में झारखंड की अगुआई कर रहे किशन ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो चार दिवसीय मैचों और सीनियर राष्ट्रीय टीम के साथ एक इंट्रा-स्क्वाड मैच में खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो 'टेस्ट' 31 अक्टूबर से 3 नवंबर तक मैके में और 7 से 10 नवंबर तक एमसीजी में होने हैं। हालांकि बीसीसीआई ने अभी तक टीम की पुष्टि नहीं की है, लेकिन रुतुराज गायकवाड़ या अभिमन्यु ईश्वरन के टीम की कप्तानी करने की उम्मीद है। अभिमन्यु, जो अपने पिछले चार प्रथम श्रेणी मैचों में चार शतकों के साथ शानदार फॉर्म में हैं, उन्हें सीनियर टीम के लिए बैकअप ओपनर के रूप में भी बुलाया जा सकता है। कप्तान रोहित शर्मा के व्यक्तिगत कारणों से पहले दो टेस्ट में से एक के दौरान ब्रेक लेने की उम्मीद है। बंगाल के भारत ए टीम में दो प्रतिनिधि तेज गेंदबाज मुकेश कुमार और कीपर-बल्लेबाज अभिषेक पोरेल होंगे।

आईएसएल : ईस्ट बंगाल पर दबदबा बरकरार रखने उतरेगा मोहन बागान सुपर जायंट

एजेंसी

कोलकाता। सिटी ऑफ जॉय आज शाम विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन (साल्ट लेक स्टेडियम) में एक और प्रतिष्ठित कोलकाता डर्बी का गवाह बनने जा रहा है, जब मोहन बागान सुपर जायंट सुपर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 सीजन में अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी ईस्ट बंगाल पर दबदबा बरकरार रखने के लिए उतरेगा। दोनों क्लबों को इस आईएसएल सीजन में की शुरूआती चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। ईस्ट बंगाल एफसी अकेली टीम है जो अपने चारों मैच हारी है, जबकि मैरिनर्स ने आक्रामक कौशल दिखाया है लेकिन वे अब तक खेले चार मैचों में सात गोल खाकर रक्षात्मक रूप से लडखड़ा रहे हैं।

मोहन बागान मोहम्मडन एससी पर 3-0 की जीत के बाद मैदान पर उतरेगा। स्पेनिश हेड कोच जोस मोलिना का लक्ष्य इस सीजन में पहली बार लगातार जीत और क्लीन शीट पाना होगा।

मोहन बागान ने 2024 में अपने 12 घरेलू आईएसएल मैचों में से प्रत्येक में गोल दागा है, उनमें से 11 मैचों में कम से कम दो गोल किए हैं। उन्होंने 2024 में साल्ट लेक स्टेडियम में 29 गोल किए हैं। वहीं, ईस्ट बंगाल एफसी मैरिनर्स के खिलाफ अपने पिछले आठ आईएसएल मुकाबलों में जीत से दूर है और हर मुकाबले में कम से कम दो गोल खाए हैं। रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड अभी भी सीजन की अपनी पहली जीत की तलाश में है। मोहन बागान सुपर जायंट के स्पेनिश हेड कोच जोस मोलिना ने मोहम्मडन स्पोर्टिंग के खिलाफ हालिया जीत पर विश्वास जताया है, और आश्वासन दिया कि मैच में क्या होगा, अब वो ही मायने रखता है। उन्होंने कहा, 'हमने कुछ दिनों तक आराम किया। अब, हमारे खिलाड़ी पूरी तरह से तैयार हैं। मेरा मानना है कि हम पिछले मैच के बाद अच्छी स्थिति में हैं। लेकिन अब, महत्वपूर्ण मैच है और हमारा ध्यान उसी पर केंद्रित है।' ईस्ट बंगाल एफसी के रणनीतिकार बिनो जॉर्ज ने इस सीजन में मजबूत टीम तैयार करने के लिए प्रबंधन की सराहना की।

उन्होंने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हम अपनी योजनाओं पर टिके रहेंगे। प्रबंधन ने इस बार एक अच्छी टीम बनाई है। अब बतौर कोच योजना बनाना हमारा काम है। हम अपना 100% देंगे।'

भारत-मैक्सिको के बीच सहयोग संभावित रूप से और व्यापक हो सकता है: सीतारमण

-वित्त मंत्री ने भारत-मैक्सिको व्यापार और निवेश शिखर सम्मेलन में भाग लिया

मैक्सिको सिटी/नई दिल्ली : केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को भारत-मैक्सिको के बीच सहयोग संभावित रूप से व्यापक और बहु-क्षेत्रीय हो सकता है। निर्मला सीतारमण ने मैक्सिको सिटी में 'व्यापार एवं निवेश सहयोग को बढ़ावा देने' पर आयोजित भारत-मैक्सिको व्यापार एवं निवेश शिखर सम्मेलन में को संबोधित करते हुए यह बात कही। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि दोनों देशों के बीच गहन तथा अधिक गतिशील सहयोग हो सकता है, जिसमें भारत विशेष रूप से फार्मा विनिर्माण तथा ऑटोमोटिव क्षेत्रों में विकास तथा निवेश के लिए जबरदस्त अवसर प्रदान कर रहा है। भारत की राजनीतिक स्थिरता, एक बड़े कुशल कार्यबल और बढ़ते बुनियादी ढांचे पर जोर देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि संयुक्त प्रयास विविधीकरण के जरिए लचीलेपन को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से सेमीकंडक्टर, मुद्रित सर्किट बोर्ड, पीसीबी और अन्य उच्च तकनीक वाले इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे महत्वपूर्ण घटकों के लिए है। इस व्यापार एवं निवेश शिखर सम्मेलन का आयोजन भारतीय व्यापार एवं वाणिज्य परिषद, भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा मैक्सिको में भारतीय दूतावास और आर्थिक मामलों के विभाग के सहयोग से किया गया। सम्?मेलन में मैक्सिको सिटी की आर्थिक विकास मंत्री मनोला जाबोल?जा अल्दामा, मैक्सिको राज्य के लिए लॉरा गोंजालेज के साथ-साथ सीआईआई के पूर्व अध्यक्ष रामचंद्रन दिनेश और कॉन्सेजो कोऑर्डिनेटर एम्प्रेसरियल के अध्यक्ष फ्रांसिस्को सर्वेंट्स डियाज भी उपस्थित थे। इसके अलावा आईटी, फार्मास्यूटिकल्स, स्वास्थ्य, ऑटोमोटिव क्षेत्रों सहित विभिन्न क्षेत्रों के करीब 250 निवेशकों तथा व्यवसायिक कर्मियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय वित?त मंत्री निर्मला सीतारमण 17 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक मैक्सिको के आधिकारिक दौरे पर हैं, जहां वे ग्वाडलजारा और मैक्सिको सिटी में विभिन्न क्षेत्रों के राजनीतिक एवं व्यापारिक नेताओं से बातचीत करेंगी।

दुबई-जयपुर इंटरनेशनल फ्लाइट में बम की धमकी, जांच में कोई संदिग्ध सामान नहीं मिला

एजेंसी

जयपुर : देशभर के एयरपोर्ट्स और फ्लाइट में बम की धमकी भरा ईमेल मिलने का सिलसिला जारी है। शुक्रवार मध्य रात्रि एक और इंटरनेशनल फ्लाइट में बम की सूचना का ईमेल मिलने के बाद हड़कंप मच गया। पूरी चौकस सुरक्षा व्यवस्था के बीच जयपुर एयरपोर्ट पर विमान की लैंडिंग करवा कर विमान की जांच की गई। हालांकि कोई भी संदिग्ध सामान नहीं मिला। जिसके बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली। जयपुर एयरपोर्ट थानाधिकारी संदीप बसेड़ा के अनुसार शुक्रवार मध्य रात्रि दुबई से जयपुर आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट संख्या क-196 में बम की धमकी भरा ईमेल दिल्ली हेडक्वार्टर को मिला था। यह सूचना जयपुर एयरपोर्ट को दी गई। जिसके बाद जयपुर एयरपोर्ट प्रशासन अलर्ट हो गया और भारी सुरक्षा के बीच दुबई से जयपुर आने वाली इंटरनेशनल फ्लाइट की लैंडिंग कराई गई। सुरक्षा बलों ने गहनता से विमान की जांच की, जिसमें संदिग्ध कुछ भी नहीं पाया गया। जानकारी के अनुसार विमान में 189 यात्री सवार थे। यह विमान शुक्रवार मध्य रात्रि रात 1:20 बजे जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा था। जयपुर पुलिस मामला दर्ज कर संदिग्ध ईमेल भेजने वाले का आईपी ऐड्रेस ट्रेस करने में जुटी है।

ममता सरकार ने डॉक्टर्स की बात नहीं मानी तो पूर्ण हड़ताल की दी चेतावनी

एजेंसी

कोलकाता : पश्चिम बंगाल की ममत सरकार ने सोमवार तो मांगें नहीं मानी तो मंगलवार से सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में डॉक्टर्स पूर्ण हड़ताल पर चले जाएऐंगे। जूनियर और सीनियर डॉक्टर्स के बीच शुक्रवार रात हुई बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया। जूनियर डॉक्टर देबाशीष हलदार ने बताया कि अगर सोमवार तक सरकार हमारी सभी मांगों को पूरा नहीं करती, तो हम व्यापक हड़ताल करने पर मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि इस हड़ताल में सीनियर डॉक्टर्स भी हिस्सा लेंगे। जूनियर डॉक्टर्स की 10 मांगों में आरजी कर घटना की जांच और स्वास्थ्य सेवा में सुधार की मांग प्रमुख है। जूनियर डॉक्टर्स पिछले दो महीने आंदोलनरत हैं। इस बीच छह जूनियर डॉक्टर्स अनशनके कारण बीमार पड़ चुके हैं। उनमें से पांच अस्पताल में भर्ती हैं। देबाशीष ने कहा, हम सोमवार तक का समय दे रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री को हमारी सभी मांगों पर चर्चा करनी होगी और उन्हें स्वीकार करना होगा। अगर ऐसा नहीं होता, तो मंगलवार को हम सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में हड़ताल करेंगे।₹ उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों भी जूनियर डॉक्टर्स की हड़ताल से राज्य के अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई थीं। देबाशीष ने कहा, अगर इस हड़ताल के दौरान किसी मरीज को कोई समस्या होती है, तो उसकी जिम्मेदारी सरकार और मुख्यमंत्री की होगी। आंदोलनरत डॉक्टर्स आज 'न्याय यात्रा' निकालेंगे। यह यात्रा आरजी कर घटना की पीड़िता डॉक्टर के घर से शुरू होकर धर्मतला के अनशन मंच तक जाएगी।

प्रदूषण पर भाजपा का वार, कहा-आआपा की सरकार ने दिल्ली को किया बेहाल

नई दिल्ली : राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण लगातार बढ़ता जा रहा है। गैस चैंबर में तब्दील होती दिल्ली में अब यमुना नदी में भी प्रदूषण बढ़ गया है। इस पर भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी की सरकार पर हमला बोलते हुए उसे सनातनी विरोधी बताया है। भाजपा ने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार सिर्फ दोषारोपण कर अपना पल्ला झड़ने की कोशिश कर रही है। शनिवार को भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने यमुना नदी क्षेत्र का दौरा किया और कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दावा किया था कि नदी 2025 तक साफ हो जाएगी। हालांकि जब हमने कोशिश की एक गिलास में यमुना का पानी भरने पर हमें केवल झाग मिला, पानी नहीं। पूनावाला कहा कि दिल्ली एक आभासी गैस चैंबर बन गई है। सांस लेना मुश्किल है और एक्यूआई लगातार बढ़ रहा है। यमुना नदी पर घना झाग है। हवा हो या पानी, सब प्रदूषित है। आम आदमी पार्टी की प्रदूषित राजनीति की वजह से दिल्ली के लोग बेहाल हैं। गोपाल राय बैठकें ले रहे हैं। पंजाब के सीएम भगवंत मान पंजाब में पराली जलाने के लिए किसी और को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। उन्होंने पटाखे जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। साफ है आआपा हिंदू विरोधी और सनातन विरोधी है।

केंद्रीयमंत्री गडकरी,मुख्यमंत्री यादव आज भोपाल में सड़क और पुल निर्माण संबंधी सेमिनार का करेंगे शुभारंभ

एजेंसी

भोपाल : केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल के रवीन्द्र भवन में ह्लसड़क और पुल निर्माण के क्षेत्र में उभरती नवीनतम प्रवृत्तियों और तकनीकोंह्लह्ल पर आधारित दो दिवसीय सेमिनार का शुभारंभ करेंगे। सेमिनार का आयोजन भारतीय सड़क कांग्रेस और मध्य प्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग के सहयोग से हो रहा है। मुख्यमंत्री यादव ने कहा है कि इस दो दिवसीय सेमिनार से मध्य प्रदेश के अवसंरचना विकास को नई ऊर्जा मिलेगी और यह आयोजन राज्य की निर्माण परियोजनाओं में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा। सेमिनार में विभिन्न तकनीकी-सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें देशभर से आए हुए विशेषज्ञ नई तकनीकों, निर्माण सामग्रियों और ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट, कंस्ट्रक्शन) अनुबंध निष्पादन की चुनौतियों पर अपने विचार रखेंगे। सेमिनार में लोक निर्माणमंत्री राकेश सिंह सहित अन्य विशिष्टजन उपस्थित रहेंगे। पहले दिन प्रमुख चर्चा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत नई तकनीकों का कार्यान्वयन, पुल निर्माण में नई मशीनरी का उपयोग और सड़क निर्माण में उपयोग होने वाली नई सामग्रियों पर फोकस रहेगा। सड़क सुरक्षा, परियोजनाओं की मॉनिटरिंग के लिए आईटी तकनीकों का उपयोग और सीमांत सामग्रियों के उपयोग पर भी गहन मंथन किया जाएगा।

आखिरी दिन रविवार को ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट, कंस्ट्रक्शन) अनुबंधों की संरचना शेड्यूलिंग, अनुबंध निष्पादन में ठेकेदारों की भूमिका और सहायक अभियंताओं की भूमिका पर विस्तृत चर्चा होगी। इसमें अनुबंधों से जुड़े विवादों और चुनौतियों के समाधान पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। समापन सत्र में विभिन्न विशेषज्ञ और प्रतिनिधि पैनल चर्चा के माध्यम से सड़क और पुल निर्माण में नई तकनीकों के उपयोग पर अपने विचार रखेंगे। सेमिनार का उद्देश्य प्रदेश में सड़क और पुल निर्माण की गुणवत्ता को बढ़ाने और नवीनतम तकनीकों से समयबद्ध और टिकाऊ अवसंरचना का विकास सुनिश्चित करना है।

भारत के बाहर रह रहे देशवासियों की सेवा करना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: राष्ट्रपति मुर्मू

लिलोंग्वे : तीन अफ्रीकी देशों की यात्रा के अंतिम चरण में मलावी पहुंचीं भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारत के बाहर रह रहे अपने देशवासियों का कल्याण करना उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उनकी सरकार भारतीयों की चिंता को दूर करने और उनकी सुरक्षा, कल्याण और उन्नति सुनिश्चित करने के लिए विश्व में अपने सहयोगियों के साथ कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भारत आपसी विश्वास, समानता, और पारस्परिक लाभ के सिद्धांतों पर आधारित अफ्रीकी महाद्वीप के साथ अपनी साझेदारी को महत्व देता है। अफ्रीका के साथ सहयोग का हमारा मॉडल स्थानीय संसाधन का उपयोग करने और क्षमता निर्माण का है। यह अफ्रीका की आवश्यकताओं की प्राथमिकता पर आधारित है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि ग्लोबल साउथ के अग्रणी सदस्य के रूप में भारत विश्व की दोतिहाई जनसंख्या के हितों का प्रतिनिधित्व करने की अपनी भूमिका को गंभीरता से लेता है। मलावी में आप सभी के बीच उपस्थित होकर प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। भारत और मलावी के राजनयिक संबंधों को 60 वर्ष पूरे हो गए हैं। यह रिश्ते ऐतिहासिक हैं। मलावी से भारत के गहरे सांस्कृतिक संबंध भी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का मलावी के राष्ट्रपति लाजर मैक्कार्थी चकवेरा ने स्टेट हाउस में गर्मजोशी से स्वागत किया। दोनों नेताओं ने भारत-मलावी संबंधों को सुदृढ़ करने के अलावा कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लिलोंग्वे में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का दौरा किया। उन्होंने प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध और अन्य सैन्य अभियानों के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों और नागरिकों को पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति ने उन भारतीय सैनिकों को भी श्रद्धांजलि दी, जिनके बलिदान को इस स्मारक में महत्व दिया गया है। राष्ट्रपति मुर्मु ने मलावी के पहले राष्ट्रपति डॉ. हेस्टिंग्स कामुजु की समाधि पर भी पुष्पांजलि अर्पित की।

ऊना जिले में केवल ग्रीन पटाखों की अनुमति : डीसी

ऊना : जिलाधीश जतिन लाल ने दीपावली और अन्य त्योहारों के मद्देनजर पटाखों की बिक्री और उपयोग के लिए विशेष आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों के अनुसार, ऊना जिले में केवल ग्रीन पटाखों की बिक्री, भंडारण और उपयोग की अनुमति होगी। यह निर्णय राष्ट्रीय हरित अधिकरण और सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शों के अनुरूप लिया गया है। सभी पटाखा विक्रेताओं को संबंधित उप-मंडल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) से अस्थायी लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य होगा, जिसे ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन भी हासिल किया जा सकता है। बिना लाइसेंस के पटाखों की बिक्री पर कड़ा प्रतिबंध लगाया गया है। उपायुक्त ने बताया कि प्रत्येक एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र में ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए स्थान निर्धारित करेंगे, जबकि संबंधित पुलिस अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि केवल ग्रीन पटाखों की ही बिक्री हो। आदेश के अनुसार दीपावली और अन्य त्योहारों पर पटाखों का उपयोग रात 8 बजे से 10 बजे तक सीमित रहेगा। क्रिसमस और नववर्ष की पूर्व संध्या पर पटाखों का उपयोग रात 11:55 बजे से 12:30 बजे तक किया जा सकेगा। पुलिस को इन समय-सीमाओं के बाहर पटाखों के उपयोग पर निगरानी रखने और प्रतिबंधित पटाखों की बिक्री पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया है। उपायुक्त ने ग्रीन पटाखों की सुरक्षा और भंडारण के लिए भी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। ग्रीन पटाखों को गैर-ज्वलनशील सामग्री से बने शेड में रखना होगा, जिसमें शेडों के बीच कम से कम 3 मीटर की दूरी होनी चाहिए। शेड के 50 मीटर के दायरे में पटाखों का प्रदर्शन वर्जित रहेगा।

प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत में विशेष गंगा आरती, गंगा सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

नमामि गंगे ने करोड़ों की सौगात के लिए पीएम का जताया आभार

एजेंसी

वाराणसी : देश के प्रधानमंत्री व काशी के सांसद नरेंद्र मोदी रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी सहित पूरे देश को करोड़ों की सौगात देंगे। ऐसे में उनके भव्य स्वागत के लिए नमामि गंगे ने शनिवार को सिंधिया घाट पर वेदपाठी बटुकों के वेद मंत्रोच्चार के बीच धार्मिक तरीके से उनका अभिनंदन किया। प्रधानमंत्री मोदी के नाम से विशेष गंगा आरती की गई तो वहीं आरती में उनकी तस्वीर को शामिल कर फूलों से स्वागत लिखा गया। स्वच्छता को संस्कार के रूप में शामिल करने के प्रधानमंत्री के दिए गए संदेश के तहत गंगा तलहटी की सफाई की गई। राष्ट्रध्वज लेकर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतवर्ष के सर्वांगीण विकास के लिए मां गंगा से प्रार्थना की गई। नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि काशी में प्रधानमंत्री मोदी हमेशा से खास हैं और रहेंगे। काशी की स्वागत परंपरा संस्कृति और अध्यात्म से सरावोर रही है। मां गंगा की आरती कर हमने राष्ट्र के लिए सुख और समृद्धि की कामना की है। स्वच्छता ही आरोग्य जीवन का आधार है, यह संदेश प्रसारित किया है। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन नई दिल्ली के प्रतिनिधि अथर्वराज पाण्डेय ने कहा कि भारत सरकार पीएम मोदी के नेतृत्व में गंगा निर्मलीकरण हेतु कृत संकल्पित है। उधर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वाराणसी दौरे को लेकर भाजपा के तीन दिवसीय स्वच्छता अभियान के दूसरे दिन शनिवार को जिलाध्यक्ष एवं एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने कार्यकताओं के साथ रोहनिया विधानसभा के शूलटकेश्वर मण्डल के मुंडेश्वर महादेव मंदिर मुड़ादेव परिसर तथा गंगा घाट पर स्वच्छता कार्यक्रम में हिस्सेदारी की।

न्यूज IN ब्रीफ

शान्ता कुमार का मुख्यमंत्री सुक्खू से आग्रह, हिमाचल के नेता प्रधानमंत्री से उठाएं शानन बिजली परियोजना का मुद्दा

शिमला : पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शान्ता कुमार ने हिमाचल प्रदेश के प्रति पिछले 60 वर्षों से हो रहे अन्याय की ओर ध्यान दिलाया है। शान्ता कुमार ने मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू से आग्रह किया है कि वे हिमाचल प्रदेश के प्रमुख नेताओं–जयराम ठाकुर, अनुराग ठाकुर और जगत प्रकाश नड्डा के साथ मिलकर जोगिन्दरनगर की शानन बिजली परियोजना के अधिकार को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से चर्चा करें। शान्ता कुमार ने कहा कि यह आवश्यक है कि ये चारों नेता पूरे हिमाचल का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रधानमंत्री से मिलें और इस मुद्दे को सर्वोच्च न्यायालय में प्रभावी तरीके से उठाएं। उनका मानना है कि हिमाचल के जल से उत्पन्न बिजली पर राज्य का अधिकार होना चाहिए और इसके लिए सभी नेताओं को एकजुट होकर प्रयास करना चाहिए। कुमार ने 60 वर्षों से चल रहे इस अन्याय की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि समय आ गया है कि हिमाचल को उसका हक मिले। उन्होंने कहा कि जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले 10-12 वर्षों से हिमाचल प्रदेश को अपना दूसरा घर मानते हैं, फिर भी राज्य की प्राकृतिक संपत्तियों का सही उपयोग नहीं हो रहा है। शान्ता कुमार ने शनिवार को एक बयान में कहा कि जोगिन्दरनगर की 110 मेगावाट की शानन बिजली परियोजना का उदाहरण देते हुए बताया कि इस परियोजना से हिमाचल के पानी से बिजली उत्पन्न होती है, लेकिन इसका अधिकार पंजाब सरकार के पास है। उन्होंने इसे एक भयंकर अन्याय करार दिया और कहा कि ऐसा अन्याय अन्यत्र नहीं देखा गया है। उन्होंने 1966 के पंजाब पुनर्गठन कानून का उल्लेख करते हुए कहा कि इस कानून में स्पष्ट निर्देश था कि साझा पंजाब की संपत्ति का अधिकार नए प्रदेशों को मिलेगा। इसके अनुसार, शानन बिजली परियोजना को 1966 में हिमाचल को मिलना चाहिए था। उन्होंने 1977 में प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के साथ इस मुद्दे को उठाने का भी जिक्र किया, जब एक समिति का गठन किया गया था, लेकिन कोई ठोस परिणाम नहीं निकला। उन्होंने कहा कि मण्डी रियासत के साथ अंग्रेजी सरकार से की गई लीज-डीड की अवधि समाप्त हो गई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हर दृष्टि से शानन बिजली परियोजना हिमाचल प्रदेश की संपत्ति होनी चाहिए और इतने वर्षों से हो रहा यह अन्याय दुर्भाग्यपूर्ण है।

सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

तामुलपुर : तामुलपुर जिला के नाग्रीजुली-रंगिया सड़क के ऊखाड़ी इलाके में हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को बताया कि बीती रात डंपर की चपेट में आने से बाइक चालक संजय नर्जरी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके से चालक डंपर समेत फरार होने में सफल रहा। स्थानीय लोगों ने पुलिस पर घटना की जानकारी दी जाने के बावजूद भी डंपर को जब्त नहीं करने का आरोप लगाया है। पुलिस द्वारा लापरवाही बरते जाने को लेकर स्थानीय लोगों ने गांधीबारी पुलिस चौकी का घेराव कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। घटना की जानकारी मिलते ही जिला पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे। पुलिस लोगों को समझा-बुझकर स्थिति को शांत किया। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिक की दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

पारिवारिक तनाव में त्रिपुरा के जवान ने अङ-47 से मारी खुद को गोलियां

कोरबा : छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में साउथ ईस्ट कोल लिमिटेड के मेगा कोयला खदान कुसमुंडा परियोजना में सुरक्षा हेतु तैनात त्रिपुरा राइफल्स के युवा राइफल मैन आजाद सिंह ने अपने सर्विस गन (एके 47) से आत्महत्या कर ली। इस सनसनीखेज घटना को लेकर साउथ ईस्ट कोल लिमिटेड के डॉ सनीश चन्द्र , जनसंपर्क अधिकारी ने प्राथमिक जानकारी मृतक जवान के साथियों के हवाले से बताया है कि पारिवारिक विवाद से वह तनाव में था। आजाद सिंह राइफलमैन (डेल्टा कंपनी) की जनरल ड्यूटी, प्रथम बटालियन टीएसआर रात्रि पाली में कुसमुंडा ओसी खदान में थी। उनकी ड्यूटी 29 कोयला स्टॉक पर थी। ड्यूटी के दौरान 18 अक्टूबर 2024 को रात करीब 10 बजे उन्होंने अपनी सर्विस राइफल (एके 47) से सीने में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। वह राजस्थान के रहने वाले थे। उनके साथियों ने जानकारी दी है कि पत्नी से कुछ विवाद था, जो इस समय राजस्थान में हैं। उसे ?नियमित छुट्टी दी गई थी। चालू वर्ष में तीन बार छुट्टी का लाभ उठाया है। अंतिम छुट्टी अगस्त 2024 में ली गई थी।

हिमाचल विद्युत बोर्ड में अधिकारियों के 51 पद समाप्त, कर्मचारियों में आक्रोश

शिमला : हिमाचल प्रदेश में सरकारी उपक्रम हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड (एचपीएसईबी) में वर्क विंग में इंजीनियरों के 51 पद समाप्त कर दिए हैं। अब बोर्ड के ढांचे में इन पदों को नहीं शामिल किया जाएगा। इसी के साथ बोर्ड कर्मचारियों के पदोन्नत होने पर इन पदों पर तैनात होने की उम्मीद भी धूमिल हो गई है। हिमाचल बिजली बोर्ड के गठन के 53 वर्ष बाद पहली बार इन पदों को खत्म किया गया है। बोर्ड के कार्यकारी निदेशक की तरफ से इस सम्बंध में अधिसूचना जारी हुई है। इनमें अधीक्षण अभियंता वर्क्स, वरिष्ठ अधीक्षण अभियंता वाणिज्य एवं वर्क्स, सहायक अभियंता वर्क्स के पद शामिल हैं। ये पद मुख्य अभियंता कार्यालय ऑपरेशन शिमला, धर्मशाला, मंडी, हमीरपुर, मुख्य अभियंता जेनरेशन हमीरपुर, मुख्य अभियंता ईएस शिमला, मुख्य अभियंता परियोजना शिमला और विभिन्न शहरों में हैं। सहायक अभियंता वर्क्स के 22 पद कुमारसैन, काजा, रिकांगपिओ, रोहड़ू, सोलन, अर्की, धर्मशाला, नगरोटा बगवां, लंबागांव, बैजनाथ, डलहौजी, नरपर, ज्वाली. फतेहपर.करसोग, सरकाघाट, जोगिंद्रनगर, मनाली, नादौन, बड़सर, घुमारवीं, अंब में समाप्त किए गए हैं। सहायक अभियंता के ही 16 अन्य पद कांगड़ा, डलहौजी, शिमला, रामपुर, रोहड़ू, मंडी, हमीरपुर, ऊना, बिलासपुर, शिमला, पालमपुर, भावानगर और नाहन में किये गए हैं। बिजली बोर्ड की आर्थिक सेहत सुधारने के लिए खत्म किये पद माना जा रहा है कि बिजली बोर्ड की आर्थिक सेहत को सुधारने के लिए इन पदों को खत्म किया गया है। इससे बिजली बोर्ड में हो रहे अनावश्यक खर्चा कम होगा। हालांकि बोर्ड की ओर से पद खत्म करने का कारण युक्तीकरण बताया गया है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि इलेक्ट्रिकल डिविजन में सहायक अभियंता वर्क्स के पदों को ड्राइंग और आईटी कॉडर से पदोन्नत पदों से भरा जाएगा।

भड़के कर्मचारी, आज से वर्क टू रूल, मोबाइल पर नहीं सुनेंगे शिकायतें

बिजली बोर्ड के ढांचे में इन पदों के खत्म होने से बोर्ड के कर्मचारी भड़क गए हैं और कर्मचारियों ने आर-पार की लड़ाई छेड़ने का ऐलान कर दिया है। कर्मचारियों ने घोषणा किया है कि बोर्ड ने आदेश वापस न लिया तो वे सामूहिक अवकाश पर चले जाएंगे। बिजली बोर्ड के कर्मचारी और इंजीनियरों के संयुक्त मोर्चा ने कहा है कि बोर्ड के इस कदम से भारी आक्रोश है। मोर्चा के सह संयोजक हीरालाल वर्मा ने कहा कि आपातकालीन बैठक में फैसला किया गया कि आज यानी शनिवार से कर्मचारी व अभियंता वर्क टू रूल काम कर रहे हैं। शाम 6 बजे से सुबह 9 बजे तक मोबाइल बंद रखेंगे और इस अवधि में लोगों की बिजली से संबंधित शिकायतों को नहीं सुना जाएगा।

न्यूज ब्रीफ

डॉ विजय ने चक्रधरपुर सीट से पेश की दावेदारी

चाईबासा : झारखंड मुक्ति मोर्चा के सक्रिय सदस्य सह पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव व खरसावां विधायक दशरथ गागराई के छोटे भाई डॉ विजय सिंह गागराई चक्रधरपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से ताल ठोंकने की तैयारी में जुट गए हैं। डॉ विजय शुक्रवार को भारी संख्या में समर्थकों के साथ रांची गए और चक्रधरपुर सीट से बतौर झामुमो उम्मीदवार अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कार्यालय में आवेदन पत्र जमा कर 51 हजार रुपये की पर्ची कटाई। बता दें कि झारखंड मुक्ति मोर्चा में जिन प्रत्याशियों को टिकट की चाह होती है, उन्हें सबसे पहले पार्टी कार्यालय में एक निर्धारित फॉर्म भरकर आवेदन देना पड़ता है। आवेदन जमा करने के साथ ही 51 हजार रुपये की फीस भी पार्टी फंड में जमा करनी पड़ती है।

दावेदारी पेश करने के बाद डॉ विजय सिंह गागराई ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव लड़ने का सबको समान अधिकार है। चक्रधरपुर से अपना आवेदन पार्टी कार्यालय में दे दिया है। पार्टी का निर्णय सर्वमान्य होगा। उन्होंने कहा झामुमो पार्टी मुझे टिकट देती है तो जीत सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें चक्रधरपुर विधानसभा के मुखिया, मानकी , मुंडा, पंचायत प्रतिनिधि तथा ग्रामीणों का समर्थन प्राप्त है। सभी लोगों की मांग पर वह चक्रधरपुर का विकास एवं बदलाव को लेकर चुनाव लड़ना चाहते हैं। पार्टी मुझे एक बार मौका दे ,उसे निराश नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में भी सांसद जोबा माझी को जीताने के लिए काफी संघर्ष किया था। जिसका परिणाम है कि आज जोबा मांझी सांसद बनीं हैं। पार्टी को टिकट देने पर जरूर विचार करना चाहिए। इस मौके पर बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता, मुखिया, मुंडा,मानकी व ग्रामीण उनके साथ उपस्थित थे।

वाहन से पैसे और बैटरी लूटने के आरोप में दो गिरफ्तार

सरायकेला: वाहन से पैसे व बैटरी लूट लेने के आरोप में ईचागढ़ थाना की पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में रांची जिला के तमाड़ थाना अंतर्गत रड़गांव निवासी महताब अंसारी उर्फ महताब आलम और एतवा कुम्हार शामिल है। आवश्यक प्रक्रिया के बाद दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इसकी जानकारी देते हुए ईचागढ़ थाना प्रभारी विक्रमादित्य पांडेय ने बताया कि हजारीबाग जिले के चौपारण थाना अंतर्गत संजा निवासी शैलेश कुमार ने ईचागढ़ थाना में अज्ञात अपराधकर्मियो के विरुद्ध वाहन से पैसे और बैटरी लूटने की शिकायत दर्ज कराया था। थाना प्रभारी ने बताया कि ईचागढ़ थाना में मामला दर्ज होने के बाद जिला पुलिस अधीक्षक के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन घंटे के अंदर कांड का उद्भेदन कर कांड मे शामिल दो अपराधकर्मियो को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कांड में प्रयुक्त मोटर साईकिल, दाउली, लूटे गए बैटरी व विभिन्न साईज का रेंच बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि अन्य अपराधकर्मियों के विरुद्ध छापामारी कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। छापामारी दल में थाना प्रभारी विक्रमादित्य पांडेय, गुलशन भगत और ईचागढ़ थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

पारडीह शिव मंदिर की दानपेटी से चढ़ावा चोरी

जमशेदपुर : पारडीह स्थित सार्वजनिक नर्मदेश्वर शिव मंदिर में बीती रात चोरों ने घुसकर दान पेटी को क्षतिग्रस्त कर दान पेटी में चढ़ावा के रुप में जमा रुपये की चोरी कर ली। घटना की जानकारी शुक्रवार की सुबह पुजारी को होने के बाद इसकी जानकारी स्थानीय थाने को दी गई। उक्त क्षेत्र मानगो थाने के अधीन आता है। सूचना के बाद पुलिस मंदिर पहुंची तथा छानबीन शुरू की। दूसरी ओर भाजपा नेता विकास सिंह ने कहा कि आए दिन क्षेत्र में नशा करने वाले लोगों के द्वारा अपराध को अंजाम दिया जा रहा है। पुलिस की गश्ती दल पेट्रोलिंग नहीं करती है। जिसके कारण अपराधियों के मनोबल बढ़े हुए हैं।

वारंटी को पुलिस ने भेजा जेल

जमशेदपुर : गुड़ाबांदा थाना क्षेत्र के महेशपुर से पुलिस ने शुक्रवार को वारंटी नंदलाल सबर को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। नंदलाल सबर पर गुड़ाबांदा थाना कांड संख्या 212/2017, आईपीसी 341,0323, 325 के तहत दर्ज है। मारपीट के इस मामले के आरोपी को थाना प्रभारी सन्नी टोप्पो ने गुप्त सूचना के आधार पर महेशपुर से हिरासत में लिया।

जिप सदस्य रोस प्रतिमा सोरेंग झापा से निष्कासित

सिमडेगा। झारखंड पार्टी ने कोलेबिरा की जिप सदस्य रोस प्रतिमा सोरेंग को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने और पार्टी के लाइन से हटकर काम करने के आरोप में 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। यह कार्रवाई तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है।

पार्टी के आंतरिक जांच टीम की रिपोर्ट के आधार पर केंद्र समिति ने यह फैसला लिया है। रोस प्रतिमा सोरेंग पर आरोप है कि वे लोकसभा चुनाव से ही पार्टी विरोधी काम कर रही थीं।

पश्चिमी सिंहभूम में 1284 मतदान केंद्र पर 10 लाख 67 हजार 798 वोटर डालेंगे वोट

चाईबासा। पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत पांच विधानसभा क्षेत्रों के लिए आज झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत अधिसूचना जारी कर दी गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने इस संदर्भ में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि चाईबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर एवं चक्रधरपुर के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है, 28 अक्टूबर संवीक्षा तथा 30 अक्टूबर नाम वापसी तिथि है। मतदान 13 नवंबर को होगा तथा मतगणना 23 नवंबर को की जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि चाईबासा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 284 मतदान केंद्र, मझगांव अंतर्गत 267, जगन्नाथपुर अंतर्गत 233 , मनोहरपुर अंतर्गत 264 तथा चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 236 मतदान केंद्र सहित जिले में कुल 1284 मतदान केंद्र हैं। जहां 10,67,798 मतदाताओं के द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया जाना है। सुरक्षा एवं दूरी को मद्देनजर रखते हुए 52 चाईबासा, 54 जगन्नाथपुर, 55 मनोहरपुर व 56 चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र के कुछ मतदान केंद्रों पर प्रातः 7:00 बजे से संध्या 4:00 बजे तक मतदान होगा, वहीं मझगांव विधानसभा क्षेत्र सहित अन्य विधानसभा के शेष मतदान केंद्रों पर प्रात 7:00 बजे से संध्या 5:00 बजे तक मतदान होगा।

साइकिल रैली से वोटरों को किया जागरूक

चाईबासा : स्वीप गतिविधि के तहत आज शुक्रवार को कोल्हान के प्रमंडलीय आयुक्त हरि कुमार केसरी की अगुवाई में जिला समाहरणालय परिसर से एसोसिएशन मैदान तक वृहद स्तर पर मतदाता जागरूकता के लिये गुब्बारा उड़ाकर साइकिल रैली का शुभारंभ किया गया। जागरूकता रैली शहर के विभिन्न चौक-चौराहे से होते हुए एसोसिएशन मैदान तक पहुंची। वहां सभी को प्रमंडलीय आयुक्त हरि कुमार केसरी द्वारा मतदाता शपथ दिलाई गई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आगामी 13 नवंबर को पश्चिम सिंहभूम जिले का मतदान दिवस है, उसे दिन सभी मतदाता अपने-अपने मतदान केंद्र में जाकर अवश्य मतदान करें साथ ही अपने आसपास के लोगों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें। पश्चिम सिंहभूम जिले में सभी विधानसभा क्षेत्र में आगामी 13 नवंबर को मतदान किया जाना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपायुक्त पश्चिम सिंहभूम कुलदीप चौधरी, स्वीप नोडल पदाधिकारी सह सहायक समाहर्ता अर्नव मिश्रा, प्रभारी पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ईशा खंडेलवाल, प्रभारी पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह जिला खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की सहित स्वीप कोषांग के अन्य पदाधिकारी और कर्मी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

ऐतिहासिक मुड़मा जतरा का हुआ भव्य आयोजन

मेट्रो रेज संवाददाता

मांडर। झारखंड के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व रखने वाले मुड़मा जतरा का शुभारंभ शुक्रवार को बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ हुआ। यह जतरा झारखंड के आदिवासी समाज की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों में से एक है, जो हर साल श्रद्धा और उमंग के साथ मनाया जाता है। इस साल भी 18 और 19 अक्तूबर को आयोजित हो रहे इस जतरा का नेतृत्व सरना धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने किया। 40 पड़हा के पाहन पुजारियों द्वारा शक्ति खूंटा की पूजा-अर्चना कर जतरा का विधिवत शुभारंभ किया गया।

मुड़मा जतरा में हर साल की तरह इस बार भी देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ नेपाल से भी लोग भाग लेने पहुंचे हैं। इस जतरा में खेल-तमाशे, बिजली चालित झूले, मौत का कुआं, सर्कस और जादू के खेल जैसे कई मनोरंजन के साधन उपलब्ध हैं, जो सभी आयु वर्ग के लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। इसके अलावा, पारंपरिक वाद्य यंत्र, कृषि उपकरण, अस्त्र-शस्त्र, श्रृंगार प्रसाधन, खानपान की वस्तुएं और खिलौनों की सैकड़ों दुकानें भी इस आयोजन का हिस्सा हैं। दो दिवसीय इस जतरा के दौरान 24 घंटे तक हजारों लोग यहां जुटते हैं, जो झारखंड की आदिवासी संस्कृति और परंपरा से रूबरू होते हैं।

इस विशाल आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किए गए हैं। जतरा स्थल पर शांति और विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए 9 वॉच टावर बनाए गए हैं, और प्रमुख स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा, ड्रोन कैमरों से भी पूरे आयोजन पर नजर रखी जा रही है। 500 से अधिक लाठीधारी और शस्त्र बलों के जवान, जिनमें पुरुष और महिला पुलिसकर्मी शामिल हैं, जतरा स्थल पर तैनात किए गए हैं।

जतरा संचालन समिति के अनुसार, प्रशासन का पूरा सहयोग प्राप्त हो रहा है। आयोजन की विधि व्यवस्था और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए समिति के दो हजार स्वयंसेवक भी तैनात किए गए हैं। इन स्वयंसेवकों का उद्देश्य प्रशासनिक व्यवस्था को सहायता प्रदान करना और जतरा में भाग लेने वाले लोगों की सुविधा का ध्यान रखना है।

मुड़मा जतरा का मुख्य आकर्षण समापन के दिन होता है, जब 40 पड़हा के लोग अपने पारंपरिक निशानों–रम्पा चम्पा, लकड़ी के हाथी, घोड़े, मगरमच्छ, मछली और कंडसा–के साथ नाचते-गाते हुए जतरा स्थल पर पहुंचते हैं। इस साल के जतरा में मुंडा समुदाय के साथ पलामू से चेरो आदिवासी भी अपने खोड़हा (ध्वज) के साथ शामिल हो रहे हैं, जो इस उत्सव को और भी रंगीन बना रहे हैं।

गुरुवार को जतरा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो और अन्य पदाधिकारी जतरा स्थल पर पहुंचे। उन्होंने कंट्रोल रूम और सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया और जतरा के लिए प्रतिनियुक्त अधिकारियों व कर्मियों के साथ बैठक कर सभी स्पॉट पर तैनाती सुनिश्चित की। ग्रामीण एसपी ने कहा कि जतरा के दौरान शांति और विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की भी जतरा स्थल पर पहुंचीं और जतरा की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह जतरा झारखंड की समृद्ध आदिवासी संस्कृति का प्रतीक है और इसे संरक्षित करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर शंकर उरांव, मांडर के पूर्व थाना प्रभारी जगारनाथ उरांव, जतरा संचालन समिति के अध्यक्ष जगराम उरांव, समाजसेवी सन्नी टोप्पो, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर और सुशील उरांव समेत कई गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

मुड़मा जतरा झारखंड की समृद्ध आदिवासी परंपराओं का जीवंत उदाहरण है। हर साल हजारों लोग इस आयोजन में शामिल होते हैं, जो न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि राज्य की सांस्कृतिक धरोहर को भी उजागर करता है।

लचरागढ़ में पारंपरिक इंद मेला के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

मेट्रो रेज संवाददाता

सिमडेगा: कोलेबिरा प्रखंड के लचरागढ़ में पारंपरिक इंद मेला के मौके पर शुक्रवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में युवा नेता संदेश एक्का शामिल हुए। जहां पर कार्यक्रम का विधिवत रिबन काटकर उद्घाटन किया गया। इस मौके पर उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति हमारी परंपरा गांव में बसती है और हमारे पूर्वजों की देन है कि इस प्रकार का कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है ।उन्होंने कहा कि हम इंद मेला के मौके पर भगवान इंद्र की पूजा करते हैं। जहां पर साल भर अच्छी फसल की कामना के साथ जब फसल किसानों की अच्छी होती है तो उसी पर खुशियां मनाते हैं। उन्होंने सभी लोगों को सामाजिक स्तर पर संगठित रहकर समाज में फैली बुराई एवं कुरीतियों को दूर करने का आह्वाहन किया। साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन करने से हमारी कला संस्कृति और हमारी परंपरा को बचाने में हमें मदद मिलता है ।वहीं इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पंचायत की मुखिया फुलकेरिया डांग शामिल हुए। वहीं आए हुए अतिथियों का स्वागत समिति के अध्यक्ष तारकेश्वर साहू के द्वारा किया गया। इस मौके पर झारखंड के मशहूर कलाकार जगदीश बड़ाईक,रूपेश बड़ाइक,सुलोचना देवी,चांदनी कुमारी सहित कई कलाकारों ने अपनी गीत संगीत से उपस्थित लोगों को झूमने पर विवश कर दिया।

मेले में लोगों ने उठाया जमकर आनंद

पारम्परिक इंद महोत्सव के मौके पर भव्य मेला का आयोजन किया गया। मेले में खेल तमाशा झूला मिठाई सहित कई अन्य चीजें उपस्थित रही। जहां पर हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी और लोगों ने मेले का आनंद उठाया ।वहीं शुक्रवार सुबह मुंडारी समुदाय के द्वारा पारंपरिक नृत्य सहित कई प्रकार के नृत्य का आयोजन करते हुए अपनी कला संस्कृति का प्रदर्शन किया ।इधर आयोजन समिति द्वारा बताया गया की यह मेला 3 दिनों तक चलेगी।

मधुसूदन पब्लिक स्कूल के छात्रों का कला है काफी उत्कृष्ट

माँ दुर्गा की तस्वीर हुबहु बना डाली

बिनय मिश्रा

शिक्षा, अनुशासन बेहतर पठन-पाठन के लिए पुरे झारखण्ड में अपनी सशक्त पहचान रखने वाला मधुसूदन पब्लिक स्कूल के छात्रों के द्वारा कला संस्कृति और अपनी प्रतिभा का भी दमदार उपस्थिति दर्ज कराना विद्यालय की उपलब्धि और गौरवगाथा है। वी. एम. न्यूज के संपादक/वरीय पत्रकार बिनय मिश्रा परिभ्रमण के दौरान आज विद्यालय पहुंचे तो उन्होंने विद्यालय के छात्रों के द्वारा माँ दुर्गा की हुबहु रूप बनाने वाले बच्चों की प्रतिभा का मुक्त कंठ से सराहणा किया तथा कहा कि मधुसूदन पब्लिक स्कूल एक ओर जहां अपने बेहतर पढ़ाई, उत्कृष्ठ परीक्षा परिणाम से जिला और राज्य का नाम गौरवान्वित कर रहा है वहीं इस विद्यालय के छात्रों की अद्भूत कला माँ सरस्वती की कृपा से काफी बेहतर और श्रेष्ठ है। ऐसे विद्यार्थी पर पुरे विद्यालय को गर्व और नाज है। भविष्य में भी ये बच्चे अपने कलाकृति से विद्यालय का नाम और रौशन करेंगे ऐसा आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है। वहीं विद्यालय परिसर में लगाये गये माँ की इस अद्भूत तस्वीर के समक्ष विद्यालय के छात्र कुलसुम केतन महतो, एमडी मासुम रजा भी उक्त स्थल पर मौजुद थे और उन्होंने बताया कि इस विद्यालय से उन्हें बेहतर शिक्षा के साथ-साथ अद्भूत कलाकृति बनाने और देखने को भी मिलता है।

सात फरार वारंटियों को पुलिस ने भेजा जेल

सरायकेला : आदित्यपुर पुलिस फरार वारंटियों के खिलाफ एसपी के निर्देश पर अपना अभियान जारी रखे हुए है। शुक्रवार को पुलिस ने सात गैर जमानती वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है। जेल जानेवालों में गंभीर लोहार, विवेक कुमार, रवि गोप, रवि गोराई, रंजीत पांडेय, सोनू बहादुर और उमेश प्रजापति शामिल हैं। आदित्यपुर थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि वैसे वारंटी जिनका भी कोर्ट से वारंट निर्गत है वे आवश्यक रूप से कोर्ट से जमानत ले लें। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी। साथ ही लाइसेंसी हथियार धारक भी अविलंब अपने हथियार जमा करे ताकि भयमुक्त चुनाव संपन्न कराया जा सके।

मनोहरपुर विधानसभा आजसू की झोली में पूर्व विधायक गुरूचरण नायक बिगाड़ेंगे एनडीए का समीकरण

ज्योति पाठक

मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र 56 इन दिनों काफी सुर्खियों में है इसकी प्रमुख वजह यह है कि 2009 में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा से प्रत्याशी के रूप में नवमी उरांव के खड़ा होने से वहां के तत्कालीन विधायक सह मंत्री श्रीमती जोबा माझी के वोट कट जाने के फलस्वरूप भाजपा प्रत्याशी गुरूचरण नायक चुनाव जीतकर विधायक बने थें। उसके पश्चात श्री नायक 2014 और 19 में पराजित हो गयें और दोनों बार इस विधानसभा क्षेत्र से श्रीमती जोबा माझी चुनाव जीतकर विधायक और मंत्री बनीं। 2024 के लोकसभा चुनाव में भारी मतों से चुनाव जीतकर सांसद बनने वाले श्रीमती जोबा माझी के स्थान पर उनके पुत्र जगत माझी के चुनाव

लड़ने की पूर्ण संभवाना प्रबल हो चली है और बताया जाता है कि झामुमो से इन्हें टिकट मिलना लगभग तय है क्योंकि श्रीमती माझी के द्वारा निरंतर किये गये विकास कार्य और जनहित कार्य इस क्षेत्र का विकास का पैमाना माना जाता है। इस परिस्थिति में झामुमो भी मजबुत प्रत्याशी उतारने के पक्ष में है। वहीं एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी आजसू का होगा वहीं पूर्व विधायक गुरूचरण नायक आजसू के मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की स्थिति में चुनाव लड़ने की घोषणा की है। बताया जाता है कि श्री नायक निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में भी चुनाव लड़ने की घोषणा की है। इस परिस्थिति में आजसू समक्ष कठिनाई उत्पन्न हो सकती है क्योंकि श्री नायक भाजपा के लिए नुकसानदेह हो सकते हैं क्योंकि विगत कई वर्षों से वे निरंतर भाजपा की जमीन मजबुत करने में लगे रहें और 2024 के विधानसभा चुनाव में आजसू के खाते में मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र आ गया और इसी से कुपित होकर पूर्व विधायक गुरूचरण नायक चुनावी मैदान में उतरने की घोषणा कर डाली है।

रांची-डाल्टनगंज मार्ग पर सड़क दुर्घटना महिला की मौत, युवक गंभीर रूप से घायल

मेट्रो रेज संवाददाता

मांडर। रांची-डाल्टनगंज मार्ग (एनएच 39) पर सोसई टोल प्लाजा के पास शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में 32 वर्षीय पुष्पा देवी की मौत हो गई, जबकि 19 वर्षीय राजकुमार महली गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक पुष्पा देवी बालूमाथ के जाबर गांव की रहने वाली थीं, जबकि घायल राजकुमार महली कुल्लू का निवासी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुष्पा देवी अपने पति और बच्चे के साथ बालूमाथ से मांडर की ओर जा रही थीं। जब वे सोसई टोल प्लाजा के पास पहुंची, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे राजकुमार महली ने अपनी मोटरसाइकिल से उनकी गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पुष्पा देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि महली गंभीर रूप से घायल हो गया।

दुर्घटना की सूचना मिलने पर मांडर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और दोनों को मांडर रेफरल अस्पताल भेजा। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद, राजकुमार महली की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया।

पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के सभी पहलुओं की बारीकी से छानबीन की जा रही है। इस हादसे ने एक बार फिर रांची-डाल्टनगंज मार्ग पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के खतरे को उजागर किया है।

व्यय प्रेक्षक पहुंचे सिमडेगा, विधानसभा चुनाव कार्य का लिया जायजा

मेट्रो रेज संवाददाता

सिमडेगा: झारखंड विधानसभा आम चुनाव, 2024 के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग की ओर से निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कार्य समीक्षा हेतु जिले में नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री कन्नन नारायण पहुंचे सिमडेगा। ये विधानसभा आम चुनाव-2024 के तहत 70- सिमडेगा एवं 71- कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में व्यय निगरानी कार्य करेंगे। सिमडेगा पहुंच कर एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर द्वारा परिसदन भवन सभागार में जिले की एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी, एटी, एमसीएमसी, नोडल ऑफिसर सहित विभिन्न निगरानी दलों के साथ बैठक कर चुनाव व्यय से संबंधित कार्यां एवं प्रकोष्ठों के साथ बैठक कर अभी तक की तैयारियां/ प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ली। बैठक के दौरान भय रहित, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव कराने के संबंध में संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने निष्पक्ष चुनाव संपन्न करवाने की बात कहते हुए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की बात कही। साथ ही कहा कि

चेक पोस्ट और नाकों पर रैंडम चेकिंग की जाए।इसके बाद उन्होंने सेंसेटिव इंटर स्टेट बॉर्डर सहित अन्य चेक पोस्टों पर तैनात कर्मचारियों से जानकारी ली। तथा जिले में अब तक विभागवार की गई जब्ती की कार्रवाईयों के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए व्यय संवेदनशील पॉकेट्स पर विशेष निगरानी को लेकर निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन खर्च पर प्रभावी निगरानी और अवैध शराब और अन्य मादक पदार्थों के परिवहन पर निगरानी रखते हुए प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करने की बात भी कहीं। साथ ही उन्होंने पुलिसकर्मी, मीडिया मॉनिटरिंग सेल, एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी, बैंकिंग आदि विभाग को निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव करवाने के लिए अपनी भूमिकाओं का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए।